विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 322 | कोरबा, रविवार, दिनांक 24 अगस्त 2025 डाक 25 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
जूनियर छात्र द्वारा मामूली कहासुनी के बाद चाकू मारकर हत्या कर दिए जाने के बाद स्कूल के छात्रों के माता-पिता विरोध प्रदर्शन के दौरान तख्तियां पकड़े हुए हैं



**देश-विदेश**
पारंपरिक कृषि पद्धतियों और प्रौद्योगिकी का तालमेल कृषि को बना सकता है आत्मनिर्भर : भागवत



**फीचर पेज**
याददाश्त बढ़ाने में मदद कर सकती हैं ये 5 जड़ी-बूटियां....



## कोलकाता लॉ कॉलेज रेप मामले में 4 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

### तृणमूल छात्र परिषद से मुख्य आरोपी का कनेक्शन



**कोलकाता, 24 अगस्त [एजेंसी]।**

कोलकाता के कॉलेज परिसर में एक लॉ छात्रा के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोप पत्र शनिवार को अलीपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जिसमें मुख्य आरोपी और कॉलेज के पूर्व छात्र मोनोजीत मिश्रा और तीन अन्य के नाम शामिल हैं।उन्होंने कहा, तकनीकी, वैज्ञानिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर लगाए गए आरोपों में सामूहिक दुष्कर्म, जबरन गलत तरीके से बंधक बनाना, नुकसान पहुंचाने के इरादे से अपहरण, सबूत छिपाना, जांच को गुमराह करना और अन्य शामिल हैं। चारों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। फर्स्ट ईयर की छात्रा के साथ 25 जून को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज परिसर में मिश्रा और सह-आरोपी जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया था। मिश्रा, साल 2024 से कॉलेज में एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। संस्थान के छात्र अहमद और मुखर्जी को कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया है। तीनों को 26 जून को गिरफ्तार किया गया और उन पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। अगले दिन सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को भी महिला की मदद न करके अपराध को बढ़ावा देने और अपराधियों को परिसर में अपने कमरे का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मिश्रा, कॉलेज की तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) इकाई के पूर्व अध्यक्ष थे और अन्य दो आरोपी उनके सहयोगी थे। टीएमसीपी ने कहा है कि पिछले दो वर्षों से मिश्रा के साथ उनका कोई संबंध नहीं है।

### सीसीएल परियोजना पर नक्सलियों ने हमला कर 6 गाड़ियां फूंकीं, आसपास दहशत का माहौल

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में उग्रवादियों ने बीती रात बड़ी वारदात को अंजाम दिया। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की तापीन नॉर्थ परियोजना पर तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) से जुड़े नक्सलियों ने धावा बोलकर आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस की छह गाड़ियों में आग लगा दी।



यह हमला शुक्रवार की आधी रात 12 बजे से 1 बजे के बीच हुआ। दर्जनों की संख्या में हथियारबंद नक्सली अचानक परियोजना स्थल पहुंचे और वहां खड़े पोकलेन, डंपर तथा अन्य वाहनों को कब्जे में ले लिया। सभी वाहनों में भरे डीजल-पेट्रोल को खाली कराया गया और उसके बाद उनमें एक-एक कर आग लगा दी गई।

### चेतेश्वर पुजारा ने इंडियन क्रिकेट से लिया संन्यास, सोशल मीडिया पर लिखा भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय टेस्ट टीम में नंबर-3 पर नई दीवार के लिए मशहूर हुए चेतेश्वर पुजारा ने अपने करियर को लेकर बड़ा फैसला किया है। पुजारा ने रविवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने एक्स पर एक पोस्ट लिख इस बात की जानकारी दी। पुजारा ने भारत के लिए कुल 103 टेस्ट मैच खेले जिसमें 43.60 की औसत से 7195 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 19 शतक और 35 अर्धशतक निकले। भारत के लिए पांच उन्होंने पांच वनडे मैच खेले हैं जिनमें सिर्फ 51 रन बनाए हैं। भारत के लिए पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट मैच द ओवल में साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला था।

## एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का पहला उड़ान परीक्षण सफल, भारत की बड़ी कामयाबी

**नईदिल्ली, 24 अगस्त [एजेंसी]।**

भारत ने एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक कर लिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन समेत उद्योग जगत को इसके लिए बधाई दी। जानकारी के मुताबिक, डीआरडीओ ने 23 अगस्त को करीब 12.30 बजे ओडिशा के तट पर एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली (आईएडीडब्ल्यूएस) का पहला उड़ान परीक्षण किया। आईएडीडब्ल्यूएस एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है, जिसमें सभी तुरंत वार या पलटवार करने वाली स्वदेशी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (क्यूआरएसएएम), उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस) मिसाइलें और एक उच्च शक्ति वाली लेजर-आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार (डीईडब्ल्यू) शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ओडिशा के तट पर किए गए IADWS का पहले सफल उड़ान परीक्षण के लिए सभी को बधाई दी।




उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, IADWS एक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है, जिसमें सभी स्वदेशी त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल , उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली (VSHORADS) मिसाइलें और एक उच्च शक्ति लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार शामिल हैं।उन्होंने आगे लिखा, मैं IADWS के सफल विकास के लिए DRDO, भारतीय सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई देता हूं। इस अनूठे उड़ान परीक्षण ने हमारे देश की बहुस्तरीय वायु रक्षा क्षमता को स्थापित किया है। यह दुश्मन के हवाई खतरों के खिलाफ महत्वपूर्ण सुविधाओं के लिए क्षेत्रीय रक्षा को मजबूत करेगा।

### भारी बारिश से उफान पर नदी, सहार खाद पर बना पुल क्षतिग्रस्त, दिखा खतरनाक मंजर



**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भारी बारिश जारी है। लगातार हो रही भारी बारिश से हालात खराब हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं। इस बीच जम्मू-पठानकोट राजमार्ग के पास सहार खाद नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। सहार खाद नदी पूरी तरह से उफान पर है। पुल से पानी टकरा रहा है। पानी के तेज बहाव के चलते पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। वहीं, दूसरी तरफ बने पुल से लोग नजारा देख रहे हैं। मौके पर ट्रैफिक पुलिस भी पहुंच गई है। लोगों को उधर जाने से रोक रही है।

## महात्मा गांधी का शांति और सद्भाव का अमर संदेश पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत : सीएम साय

**रायपुर-जापान, 24 अगस्त [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने जापान प्रवास के दौरान टोक्यो स्थित 'लिटिल इंडिया' पहुँचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गांधी जी का शांति, अहिंसा और सद्भाव का अमर संदेश भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व में मानवता के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'लिटिल इंडिया' में गांधी की प्रतिमा भारत-जापान मैत्री और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक है।

यह स्थान न केवल भारतीय समुदाय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि जापानी नागरिकों को भी भारत की महान परंपराओं और मूल्यों से जोड़ता है। मुख्यमंत्री साय के साथ इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

## नालंदा में सड़क हादसा, पानी भरे गड्ढे में कार गिरने से तीन लोगों की मौत



**रहुई, 24 अगस्त [एजेंसी]।**

थाना क्षेत्र के भेंडा मोड़ के समीप शनिवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रही एक क्रेटा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे पानी भरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। रात में हुई दुर्घटना का पता सुबह तब चला, जब ग्रामीणों ने पानी में तीन शवों को उतराता हुआ देखा। इसके बाद शोर मचाकर लोगों को बुलाया गया और शवों को बाहर निकाला गया।

### ये श्रीलंका का मामला है, लेकिन मैं फिर भी कहूंगा...,

## पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की गिरफ्तारी पर शशि थरूर ने जताई चिंता

**नईदिल्ली 24 अगस्त।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के मामले में गिरफ्तार किया गया है। कोलंबो की फीट मजिस्ट्रेट अदालत ने उन्हें 26 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश सुनाया है। रानिल विक्रमसिंघे की गिरफ्तारी पर भारतीय राजनेताओं ने भी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी पर चिंता जताई है। उन्होंने श्रीलंका के वर्तमान सरकार से बदले की राजनीति की भावना से काम न करने का आग्रह किया है। शशि थरूर ने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा, रानिल विक्रमसिंघे पर जो आरोप लगाए गए हैं वह मामूली प्रतीत होते हैं। गिरफ्तारी के बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी सेहत चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा, मैं इस बात का सम्मान करता हूं कि यह श्रीलंका का आंतरिक मामला है। बस श्रीलंकाई सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि वह बदले की राजनीति की त्याग करें और पूर्व राष्ट्रपति के साथ सम्मान और गरिमा के साथ पेश आएं।



विक्रमसिंघे के खिलाफ यह मामला लगभग 1.66 करोड़ श्रीलंकाई रुपये के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है, जो उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान खर्च किए गए थे। इस संबंध में सीआईडी ने विक्रमसिंघे पर श्रीलंकाई दंड संहिता की धारा 386 और 388 के साथ ही सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम की धारा 5(1) के तहत आरोप लगाए हैं। अगर पूर्व राष्ट्रपति पर लगाए आरोप सही साबित होते हैं तो उन्हें कम से कम 20 साल की सजा हो सकती है।

### शेल्टर होम, फीडिंग प्वाइंट और माइक्रो चिप पर बनेगी SOP... आवारा कुत्तों के मुद्दे पर एक्शन मोड में MCD, जल्द बनेंगे नियम



**नई दिल्ली 24 अगस्त।** आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का नया आदेश सभी एजेंसियों द्वारा कुत्तों के रखरखाव और व्यवस्था की एकरूपता पर भी जोर देता है, ताकि इसे सब जगह एक समान रूप से लागू किया जाए। दिल्ली नगर निगम ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए एनसीआर के नगर निगमों के साथ मिलकर कार्ययोजना पर काम करने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार सभी नगर निगमों के चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ निगम आयुक्तों व पशु चिकित्सा से जुड़े डाक्टरों व विशेषज्ञों के साथ विमर्श किया जाएगा। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह के अनुसार इसका उद्देश्य नियमों में एकरूपता के साथ ही शेल्टर होम बनाने का एक माडल स्थापित करना है, ताकि शेल्टर होम में रखे जाने वाले कुत्तों को दिक्कत भी न हो। राजा इकबाल बताते हैं कि नगर निगम सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों पर पारदर्शिता से काम करना चाहता है। ये जरूरी है कि इसमें जो भी एसओपी बने, वह एनसीआर के सभी निगमों व प्राधिकरण के लिए एक समान होगी तो सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में सहूलियत होगी।

## दिल्ली सरकार ने लागू किया नया नियम, अब वॉट्सएप-ईमेल पर मिलेगा कोर्ट का समन और वारंट

**नईदिल्ली, 24 अगस्त [एजेंसी]।**

दिल्ली सरकार ने गिरफ्तारी वारंट और अदालती समन को लेकर नया नियम लागू किया है। अब लोगों को मोबाइल पर अदालत का नोटिस मिल सकेगा। दरअसल, दिल्ली सरकार ने दिल्ली बीएनएसएस (समन और वारंट की तामील) नियम, 2025 को अधिसूचित कर दिया है, जिससे वाट्सएप और ईमेल के जरिए कोर्ट का समन और वारंट की ई डिलीवरी हो सकेगी। दिल्ली सरकार ने समन और वारंट की ई-डिलीवरी के नियम अधिसूचित किए हैं। सरकार के इस फैसले से समय की बचत होगी और मिनटों में समन की डिलीवरी हो सकेगी। दिल्ली सरकार द्वारा जारी इस अधिसूचना को पहले उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंजूरी दी थी। अदालतों द्वारा जारी समन और वारंट वॉट्सएप और ईमेल पर भेजे जाने से पुलिस को कागजी कार्रवाई से राहत मिलेगी। साथ ही इससे पुलिस की जांच को मजबूती मिलेगी। कोर्ट की ओर से जारी समन में जज की डिजिटल मुहर और हस्ताक्षर होंगे। वहीं, पुलिस संबंधित शख्स को ईमेल या वाट्सएप के जरिए सूचना देगी। हालांकि नियम यह भी है कि अगर ऑनलाइन भेजने की प्रकिया फेल हो जाती है तो कोर्ट समन की हार्ड कॉपी देने का निर्देश दे सकती है। समन और वारंट को ऑनलाइन भेजने को लेकर पुलिस थानों में रिकॉर्ड रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक समन वितरण केंद्र बनाए जाएंगे।



### आगरा में आईटी की सर्च में बड़ा खुलासा

## 170 शेल कंपनियों से 20 हजार करोड़ की मनी लांड्रिंग... सीएसआर फंड का दुरुपयोग!





**आगरा, 24 अगस्त [एजेंसी]।**

कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) फंड का उपयोग समाज सेवा के कार्यों में करने के बजाय शेल कंपनियों के माध्यम से विदेश भेजकर हीरों की तस्करी कराई गई। इन हीरों की बिक्री कर हवाला कारोबार के माध्यम से पैसा वापस कंपनियों को भेजा गया। आयकर विभाग की सर्च में इस खेल में शामिल 170 शेल कंपनियां पकड़ी गई हैं।विभागीय अधिकारी 20 हजार करोड़ रुपये की मनी लांड्रिंग पकड़ने का दावा कर रहे हैं। यह रकम सीएसआर के साथ ही व्यापार की भी मानी जा रही है। विभाग, अब इसके स्रोतों की विस्तृत जांच करेगा। विभाग को देश की बड़ी कंपनियों के सीएसआर फंड के करोड़ों रुपये मथुरा के जनजागृति सेवा संस्थान, अहमदाबाद के रागिनी बेन विधिक चंद्र सेवा कार्य और भीलवाड़ा के डॉ. ब्रजमोहन सपूत कला संस्कृति सेवा संस्थान ट्रस्ट के खातों में जमा होने की जानकारी मिली थी।

विभाग ने जनजागृति सेवा संस्थान का आडिट करने वाले मथुरा के सीए आशुतोष अग्रवाल के यहां कार्रवाई की। यह ट्रस्ट भीलवाड़ा के महेश त्रिवेदी व योगेश कुमार शर्मा का है। यहां से साक्ष्य मिलना शुरू हुए तो सर्च का दायरा मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, सूरत, बेंगलुरु, भीलवाड़ा, मथुरा, इंदौर तक बढ़ता चला गया। सर्च में पता चला कि शेल कंपनियों के बैंक खातों में पैसा चीन, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया व दुबई भेजा गया।

आभूषण कारोबारियों को पैसा ट्रांसफर कर हीरों की खरीद की गई। तस्करी कर हीरों को भारत लाने के पांच मामलों की जानकारी विभाग को मिली। गुजरात व महाराष्ट्र में हीरों की बिक्री कर नकद धनराशि जुटाई गई। इसे हवाला कारोबार के माध्यम से देश के कोने-कोने में भेजा गया।

### अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ी कलाकार पर हमला



**अंबिकापुर।** युवाओं में चर्चित छत्तीसगढ़ी कलाकार स्वप्निल जायसवाल के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उनके कान और पैर पर गंभीर चोटें नजर आ रही है। स्वप्निल ने कुछ लोगों पर उनके साथ मारपीट के गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं फैंस लगातार कमेंट्स में अपनी चिंता जाहिर कर रहे हैं और स्वप्निल के शीघ्र स्वस्थ होने की बात कह रहे हैं।छत्तीसगढ़ी कलाकार स्वप्निल जायसवाल ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी करते हुए बताया कि अक्सर लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया पर गाना गाते सुना होगा, लेकिन वह इस बार जरूरी बात करने जा रहे हैं। अंबिकापुर में बीती रात वह अपने दोस्तों के साथ कार में निकले थे, जैसे ही वह कार से बाहर आए कुछ लोगों ने उनपर अचानक हमला कर दिया। स्वप्निल ने संजय सिंह और अंकित ताम्रकार पर उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया ह।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.) Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# अंधेरे से उजाले की ओर, लामपहाड़ में शिक्षा की नई भोर

**कोरबा।** कुछ समय पहले लाम पहाड़ का नाम सुनते ही एक कठिन राह पर मुश्किल सफर का दृश्य उभर कर आँखों में छा जाता था। पहाड़ो में बसाहट होने और यहाँ तक पहुचने में अनेक चुनौतियां होने की वजह से यहाँ रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं को कई सुविधाओं से महरूम होना पड़ता था। अब जबकि बिजली,पानी और सड़क के साथ इस बसाहट में स्कूल बनकर संचालित हो रहा है तो लाम पहाड़ क्षेत्र के पहाड़ी कोरवाओं के बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्धकारमय जीवन से बाहर निकलकर शिक्षा के भोर के सहारे बेहतर भविष्य गढ़ने का अवसर मिल गया है। यहाँ आवागमन सहित अन्य चुनौतियों की वजह से शिक्षकविहीन की श्रेणी में आने वाले लामपहाड़ के पाठशाला को शासन की युक्ति युक्तकरण की पहल ने न सिर्फ नियमित शिक्षक की सौगात दी अपितु यहाँ पढ़ाई करने आने वाले बच्चों के भविष्य की राह भी आसान कर दी है।

कोरबा विकासखंड अंतर्गत अन्तिमछोर के ग्रामपंचायत बड़गांव के आश्रित ग्राम लामपहाड़ की पहचान भले ही अब कठिन राह पर मुश्किल सफर की नहीं रही, लेकिन बड़ी संख्या में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा ही यहाँ की पहचान अभी भी है। शहर से बहुत दूर घने जंगलों के आसपास निवास करने वाले पहाड़ी कोरवाओं को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने शासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहाँ विद्यालय का संचालन कर पहाड़ी कोरवा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की गई, लेकिन



विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका के पदोन्नति होकर अन्यत्र स्थानान्तरण के बाद विगत कुछ वर्षो से नियमित शिक्षक नहीं होने का खामियाजा विद्यार्थियों को उठाना पड़ता था। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर अतिशेष शिक्षको के समायोजन व युक्ति युक्तकरण की पहल ने यहाँ की तस्वीर बदलने का काम किया। यहाँ संचालित प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में शिक्षको की पदस्थापना होने से अब यह विद्यालय शिक्षकविहीन की श्रेणी से बाहर आ गया है। नियमित शिक्षक के नियुक्ति से पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों की पढ़ाई भी नियमित होने लगी है। यहाँ जाने पर युक्ति युक्तकरण से प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक श्री कलेश्वर राम कटेला क्लास में विद्यार्थियों को पढ़ाई कराते नजर आए। उन्होंने बताया कि युक्ति युक्तकरण से लामपहाड़ के प्राथमिक शाला को दो और माध्यमिक शाला को एक शिक्षक मिले हैं। प्राथमिक शाला में कुल 33 बच्चे और मिडिल स्कूल में 19 बच्चे हैं। इन सभी विद्यार्थियों में अधिकांश विशेष पिछड़ी जनजाति वाले पहाड़ी कोरवा जाति के हैं। मीडिल स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षक दीपक यादव ने बताया कि युक्ति युक्तकरण से एक नए शिक्षक के आ जाने से मीडिल स्कूल में 3 शिक्षक हो गए हैं। इधर विद्यालय में पढ़ाई करने वाले पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों सुखशिला, फूलमती, संगीता, देवशीला, फुलमनिया ने बताया कि नियमित शिक्षक आने से क्लास में लगातार पढ़ाई हो रही है। शिक्षक समय पर आ जाते हैं और पूरे समय तक ठहरते हैं। उन्होंने बताया कि उनके माता पिता पहले स्कूल दूर होने से पढ़ाई नहीं कर पाए। अब स्कूल पास ही है इसलिए हमें पढ़ाई करने भेजते हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि उन्हें समय पर नाश्ता और मध्यान्ह भोजन भी मिलता है। हमारा मन पढ़ाई में लगने लगा है।

## पॉलिटेक्निक कालेज में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**कोरबा।** कोरबा पुलिस ने पॉलिटेक्निक कॉलेज रूमगड़ा, बालको में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में साइबर सेल, यातायात पुलिस और महिला सेल की टीमों ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां ,साइबर सेल कोरबा ने साइबर अपराध और फ्रॉड के संबंध में जानकारी प्रदान की।

इसमें निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से बताया गया-डिजिटल अरेस्टएपीके फाइल इंस्टॉलेशन ओटीपी शेयरिं बैंक संबंधी ठगीसोशल मीडिया से जुड़े अपराधइसके अलावा, राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 और पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी गई। यातायात नियमों का पालनयातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया।

महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा

महिला सेल ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी। साथ ही गुड टच और बैड टच की विस्तृत जानकारी देकर छात्राओं को आत्मरक्षा और सजगता के लिए प्रेरित कियाद्यकोरबा पुलिस की अपीलकोरबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि- साइबर अपराध से सतर्क रहें- किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत नजदीकी थाने या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें यातायात नियमों का पालन करें महिला सुरक्षा संबंधी किसी भी समस्या की सूचना तुरंत पुलिस को दें

# बाबा गणिनाथ के बताये मार्ग पर चलना पुनीत कार्य : मोदी

**कोरबा।** शाह समाज द्वारा आज बाबा गणिनाथ के 24वें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया था यह आयोजन डेंगूर नाला के समीप बाबा गणिनाथ मंदिर प्रार्थना में किया गया था जहां भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी बतौर अतिथि उत्सव में शामिल हुए जहां शाह समाज के पदाधिकारियो एवं वरिष्ठ जनों द्वारा श्री मोदी जी का आत्मीय स्वागत किया गया उत्सव में पहुंचे श्री मोदी ने बाबा गणिनाथ के मंदिर में दर्शन लाभ लेकर माथा टेका और जिले वासियों की प्रगति व उन्नति के लिए प्रार्थना किया द्य

श्री मोदी ने शाह समाज को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गणिनाथ के बताएं मार्ग पर



चलना पुण्य का काम है और ऐसे कार्य सभी समाज के लोगों को करना चाहिए ताकि सभी समाज के लोग अपने महान समाजिक गुरुओं एवं इष्ट देवी देवताओं के बारे में अच्छी तरह से जाने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर समाज को एक नई दिशा प्रदान करे इस अवसर पर उत्सव में नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत,पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद आलोक सिंह, पार्षद ममता यादव,दीपक यादव सहित भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता गण एवं शाह समाज के लोग,माताए एवं बहने शामिल रही

# बछड़ा दिए बगैर गाय के थन से निकल रहा दूध

**कोरबा।** कोरबा जिले से एक अद्भुत मामला सामने आया है, जहां बिना गर्भधारण किए एक गाय लगातार दूध दे रही है। यह घटना जिले के पाली रोड, दीपका क्षेत्र में घटी है और स्थानीय लोग इसे चमत्कार मानकर दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए पहुंच रहे हैं।गाय के मालिक धनंजय सिंह ने बताया कि उनकी चार साल की गाय ने बछड़ा दिए बिना ही दूध देना शुरू कर दिया है। आमतौर पर गाय केवल बछड़ा जन्म देने के बाद ही दूध देती है, लेकिन इस दुर्लभ घटना ने गाय को लोगों की आस्था का केंद्र बना दिया है।धनंजय सिंह ने कहा कि कुछ दिनों से गाय को रात में बांधने के बाद अगली सुबह वहां दूध गिरा हुआ दिखाई देता था। जब उन्होंने गाय को दुहा, तो वह सचमुच दूध देने



लगी।यह खबर फैलते ही आसपास के लोग उनके घर पहुंचने लगे। लोग इसे कामधेनु गाय मानकर पूजा-पाठ कर आशीर्वाद ले रहे हैं। हिंदू धर्म में कामधेनु को देवी स्वरूप माना जाता है, और इस घटना ने स्थानीय लोगों में गहरी आस्था और उत्सुकता पैदा कर दी है।

## पूर्व मंत्री का आरोप :एसईसीएल प्रबंधन ने बसाहट को लेकर भ्रामक जानकारी दी

**कोरबा।** पूर्व राजस्व मंत्री एवं विधायक जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि जटराज ग्राम के भू-विस्थापितों की बसाहट को लेकर मुख्यालय से दी गई जानकारी भ्रामक है। इस संबंध में उन्होंने एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन को पत्र लिखकर कड़ी नाराज़गी जताई है।

कुसमुण्डा विस्तार परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों को नहीं मिली बुनियादी सुविधाएँ, मौके पर जांच की माँगहाप्रबंधक भू-राजस्व ने पत्र जारी कर दावा किया था कि जटराज विस्थापितों की बसाहट सर्वमंगला मंदिर से आगे डम्प क्रमांक 14 में दी जानी है, जहां समतलीकरण कार्य पूरा हो चुका है और बुनियादी सुविधाओं का विकास प्रगतिरत है। लेकिन जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि वास्तविकता इसके विपरीत है। अभी तक वहां केवल समतलीकरण का काम हुआ है, जबकि सामुदायिक भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी, सड़क, नाली, पानी, गार्डन व खेल मैदान जैसी सुविधाओं का कोई निर्माण कार्य नहीं हो रहा है।सर्वमंगला नगर का भी किया जिक्र अग्रवाल ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि सर्वमंगला नगर (दुरपा) में डेढ़ साल पहले जटराज से विस्थापित 54 परिवारों को बसाया गया था। लेकिन वहां भी आज तक केवल एक टूटी-फूटी सड़क और अधूरी नाली के अलावा कुछ भी नहीं है। पत्र में दावा किया गया है कि यहां सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी, स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र आदि सुविधाएं बन चुकी हैं, जबकि जमीनी स्तर पर ऐसा कुछ नहीं दिखतामौके पर जांच की मांग

जयसिंह अग्रवाल ने सीएमडी से मांग की है कि किसी सक्षम अधिकारी को मौके पर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि वे स्वयं स्थल निरीक्षण में शामिल होंगे ताकि हकीकत सामने आ सके।उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रामक जानकारी से ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है और यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से एसईसीएल प्रबंधन की होगी।

## बिजली कटौती से नाराज लोगों ने घेरा दफ्तर

**कोरबा।** सर्वमंगला नगर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से तंग आ चुके क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव कर अपनी समस्याएं सामने रखीं। नाराज लोगों ने बताया कि दिन में 30 से 40 बार बिजली गुल होने से उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। बिजली विभाग ने एक सप्ताह में व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि बार-बार बिजली कटौती के कारण घरेलू कार्यों से लेकर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतों तक में भारी परेशानी हो रही है। रोजाना की इस समस्या से त्रस्त होकर लोगों ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज किया और शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे दोबारा बिजली ऑफिस का घेराव करेंगे। बिजली विभाग के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह में समस्या के समाधान का वादा किया है। क्षेत्रवासियों को अब इस आश्वासन के पूरा होने का इंतजार है।

# रिस्दी गांव के 281 लोगों ने मुआवजा राशि लेने से किया इंकार

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा खदान विस्तार से प्रभावित रिस्दी गांव के 281 खातेदारों ने मुआवजा राशि लेने से इंकार कर दिया है। प्रबंधन की ओर से इन्हें चौथी बार आवेदन करने की सूचना जारी की गई है। नोटिस में साफ कहा गया है कि यदि 15 दिनों के भीतर प्रभावित खातेदार मुआवजा राशि नहीं लेते हैं, तो यह राशि ट्रिब्यूनल कोर्ट में जमा करा दी जाएगी।

### छोटे खातेदारों ने जताया विरोध

मुआवजा लेने से इनकार करने वालों में आधे से अधिक छोटे खातेदार शामिल हैं। पूर्व सरपंच प्रताप सिंह कंवर ने बताया कि कई ग्रामीण कोल इंडिया की 2012 की आरएंडआर पॉलिसी के तहत नौकरी की मांग को लेकर मुआवजा नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उन्हें खदान विस्थापन की स्थिति में रोजगार की गारंटी नहीं मिलेगी, वे मुआवजा स्वीकार नहीं करेंगे।

### खनन कार्य शुरू करने की तैयारी

प्रबंधन का लक्ष्य है कि जल्द ही रिस्दी की जमीन से मिट्टी का खनन कार्य शुरू किया जाए। वर्तमान में खोडरी क्षेत्र से ओवरबर्डन (ह्क्क) हटाने का काम चल रहा है। मानसून के बाद इस प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। खदान विस्तार की सबसे बड़ी चुनौती प्रभावित गांवों का पुनर्वास और बसाहट है। खोडरी गांव के विस्थापित परिवारों को पहले ही वैशाली नगर के पास बसाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

### उत्पादन लक्ष्य से 8 मिलियन टन पीछे कुसमुंडा खदान

एसईसीएल प्रबंधन फिलहाल उत्पादन के मामले में बड़ी चुनौती का



सामना कर रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में कुसमुंडा खदान अब तक निर्धारित लक्ष्य से 8 मिलियन टन पीछे चल रही है। प्रबंधन को उम्मीद है कि रिस्दी व खोडरी के विस्थापितों को नौकरी देकर खदान विस्तार की राह आसान होगी और उत्पादन में बढ़ोतरी हो सकेगी।

शिविर में 25 खातेदारों ने जमा किया नामांकन फॉर्म

गुरुवार को रिस्दी गांव में एसईसीएल की ओर से शिविर लगाया गया, जिसमें प्रभावित खातेदारों की कट-ऑफ सूची जारी की गई। इस दौरान 25 खातेदारों ने जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी पाने के लिए नामांकन फॉर्म जमा किए।शिविर में कटघोरा एसडीएम तन्मय खन्ना , दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा, कुसमुंडा एरिया जीएम एसटी पाटिल, जीएम (संचालन) एके राय व भूमि एवं राजस्व विभागाध्यक्ष केएस चौहान मौजूद रहे।

## विश्व बंधुत्व दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एक आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक संस्था है जो 145 देशो में 9000 सेवाकेंद्रो के माध्यम से सतत मानवता की सेवा में तत्पर है। प्रत्येक वर्ष संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. प्रकाशमणि दादी के पुण्य तिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्त्तमान में प्रकाशमणि दादी की 18वी पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार, 24 अगस्त को प्रातः 10 बजे से आध्यात्मिक उर्जा पार्क, गेरवा घाट कोरबा में होगा। इस अवसर पर संस्था से जुड़े विभिन्न स्थानों से भाई एवं बहने उपस्थित रहेंगे साथ ही स्थानीय नागरिक, युवा वर्ग एवं सामाजिक संस्थाओ के सदस्य भी रक्तदान शिविर में उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन समाज सेवा एवं मानवता को समर्पित है। संस्था द्वारा 1 लाख यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। आप भी इस उत्कृष्ट विश्व स्तरीय अभियान में अपना योगदान देकर पुनीत कार्य के लिए सादर आमंत्रित है

# कप्तान के निर्शेष पर पुलिस कर रही लगातार कार्रवाई



**कोरबा।** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जिला कोरबा में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर एवं अनुभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत स्थित शराब दुकानों एवं आहताओं की सतत निगरानी एवं जांच करने के निर्देश प्राप्त हुए।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, अनियंत्रित भीड़ अथवा अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी उद्देश्य से जिलेभर में निरंतर चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके और नागरिक शांति एवं सुरक्षा के साथ त्यौहार मना सकें। कोरबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग प्रदान करें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाने/चौकी को दें

# पोला पर निभाई परंपरा, पूजे गए नन्दी बैल

**कोरबा।** भाद्रपद अमावस्या को लोक परंपरा और विश्वास के साथ समाज जीवन से जुड़े लोगों ने पोला पर्व मनाया। इस अवसर पर कृषि संसाधनों के साथ नन्दी बैलों की पूजा की गई। उनके योगदान के उपकार को रेखांकित करना इसका एक उद्देश्य था।

प्राचीन कालखंड से भाद्रपद अमावस्या को पोला पर्व मनाने की परंपरा रही है। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल में इस त्यौहार पर कृषक समुदाय ने अपने कृषि संबंधी उपकरणों के साथ-साथ नंदी बैलों की पूजा की और उन्हें पकवान अर्पित किए। कृषक समुदाय ने अपने घरों में विधिपूर्वक नंदी अथवा उनके प्रतिको को रख पूरी आस्था के साथ पूजा अर्चना की। इसके साथिया दर्शाने का प्रयास किया गया कि जिनके माध्यम से कृषि संबंधी कार्य संपन्न होते हैं और प्रगति सुनिश्चित होती है उनकी भूमिका को मान्यता देना आवश्यक है। सुबह से दोपहर तक विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की परंपरा का निर्वहन हिंदू समाज के द्वारा किया गया। बताया गया कि



भले ही आधुनिकता का समावेश वातावरण में हो गया है लेकिन इन सब के बावजूद लोकाचार अपनी पुरानी जड़ों से मजबूती से जुड़ा हुआ है। कृषक वर्ग ने बताया कि भारत की प्रगति में कृषि का अपना खास योगदान होता है और जो फैक्टर इसके लिए बेहद खास है उनका ध्यान रखना हमारा नैतिक कर्तव्य बनता ही है।

## हत्या का प्रयासः हथियार समेत पकड़ाए तीन आरोपी

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सोमवार सिंह देव (56 वर्ष), पृथ्वी सिंह देव (19 वर्ष) और शुभम गांगुली उर्फ गोलू (25 वर्ष) सभी निवासी भिलाईबाजार शामिल हैं।

घटना 17 अगस्त की है। शाम लगभग 6 बजे शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार प्रजापति के भाई रोशन प्रजापति पर आरोपियों ने नशे की हालत में हमला कर दिया था। बताया गया कि सोमवार सिंह देव गली में गाली-गलौज कर रहा था, जिसे रोशन ने टोका तो विवाद बढ़ गया। इसके बाद सोमवार सिंह देव ने अपने बेटे पृथ्वी सिंह देव, भतीजे शुभम गांगुली और अन्य साथियों के साथ मिलकर लोहे के रॉड, पंच और लकड़ी के डंडे से रोशन पर जानलेवा हमला किया। इस हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं तथा उसके हाथ और पैर में फ्रैक्चर हो गया। फिलहाल उसका इलाज जिला अस्पताल कोरबा में जारी है।

पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर 23 अगस्त को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथियारों को भी जब्त किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# सीएसआर की राशि खर्च करने में एनटीपीसी ने दिखाई कंजूसी

**कोरबा ।** पब्लिक सेक्टर का उपक्रम नेशनल थर्मल पॉवर कारपोरेशन, कोरबा कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में कमजोर साबित हो रहा है। 2023- 24 में कंपनी ने सीएसआर में महज सवा छह करोड़ रुपए ही खर्च किए हैं।एनटीपीसी, कोरबा की विद्युत उत्पादन क्षमता 2600 मेगावाट है। 800 मेगावाट क्षमता की नई इकाई प्रस्तावित है। विगत कुछ वर्षों से कंपनी का कोरबा के विकास में सहयोग नजर नहीं आ रहा है।सड़क, पानी, बिजली जैसे बुनियादी कार्यों सहित अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर के कामों में भी कंपनी का योगदान लगभग शून्य है।

एनटीपीसी, कोरबा प्रबंधन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में सीएसआर मद में छह करोड़ 24 लाख रुपए खर्च किए हैं। इसमें चार करोड़ 31 लाख रुपए पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में व्यय किया जाना बताया गया है। यह रकम प्रबंधन ने स्वंय खर्च की है, लेकिन इसका ब्योरा नहीं बताया गया है। ?कंपनी ने 88 लाख रुपए स्वास्थ्य सुधार मद में खर्च किया है। शिक्षा के क्षेत्र में 53 लाख रुपए खर्च किया जाना बताया गया है। इसके अलावा 23 लाख ग्रामीण विकास परियोजना, 17 लाख खेल तथा 12 लाख रुपए कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में व्यय किया गया है।इसमें एक भी कार्य बुनियादी साधन एवं सुविधा के क्षेत्र का नहीं है। एनटीपीसी, कोरबा का प्रबंधन सीएसआर की राशि अपने हिसाब से खर्च कर रहा है। प्रबंधन की रूचि ठोस कार्यों में नहीं दिख रही है। इधर, जिला प्रशासन भी एनटीपीसी को बुनियादी कार्यों का कोई प्रस्ताव नहीं दे रहा है।

# रात्रि जागरण को विवश दर्जनों गांव के 10 हजार उपभोक्ता

**कोरबा।** एक तरफ छत्तीसगढ़ शासन राज्य गठन के 25 वें वर्ष की खुशियां रजत जयंती उत्सव वर्ष के रूप में मना रही। वहीं इस उत्सव की बेला के बीच विद्युत वितरण विभाग आमजनता को खुशियों की जगह तकलीफ बांटने का काम कर रही है।पिछले एक सप्ताह से बरपाली सब स्टेशन के तुमान फीडर में रात 11 .30 बजे के बाद बिजली गुल होने का सिलसिला जारी है। जिससे ग्राम पंचायत सलिहाभांठा समेत एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीण रतजगा करने मजबूर हैं। आए दिन देर रात हो रही बिजली गुल की वजह तकनीकी खराबी होने के दावों में भी दम नहीं लग रहा। जिसका खामियाजा 10 हजार से अधिक उपभोक्ता भुगत रहे।बरपाली सब स्टेशन के तुमान फीडर में ग्राम पंचायत सलिहाभांठा, पकरिया, बंधवाभांठा, डोंगरीभांठा, सराईडीह, झींकाकुरिहा, संडैल,भैंसामुड़ा, कटबितला समेत अन्य दर्जनों गांव शामिल हैं। जिसमें 10 हजार से अधिक ग्रामीण बिजली उपभोक्ता आते हैं। जो नियमित रूप से विद्युत वितरण विभाग को बिजली बिल की भी अदायगी कर रहे हैं। लेकिन रजत जयंती वर्ष में विद्युत वितरण विभाग ने इन ग्रामीणों के चेहरे पर खुशियों की जगह तनाव एवं आक्रोश ला दिया है। फीडर में अघोषित रूप से बिजली कटौती जारी है। पिछले एक सप्ताह से रात 11 .30 बजे के बाद अचानक बिजली गुल हो रही। जो घण्टों देर बाद आती है। रात में कई बार बिजली के आने जाने का सिलसिला चलता रहता है। मंगलवार की रात बिजली काट दी गई । जो देर रात आई। जिससे गर्मी एवं उमस भरे मौसम में ग्रामीण रतजगा करने मजबूर रहे। नाईट शिफ्ट में कर्मचारियों को ड्यूटी की जगह नींद प्यारी है। यही नहीं रात 12 बजे के बाद अगर लाइन में खराबी आती है तो बनाने वाला कोई नहीं

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई स्कूटी दो दोस्तों की मौत, गांव में शोक की लहर




**जांजगीर चांपा।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुरूवार की रात ग्राम कुटरा नवा तालाब के पास सड़क के किनारे खड़ी ट्रक से तेज रफ्तार स्कूटी पीछे जा टकराई। हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय सुमित कश्यप जो अपने मामा गांव कुटरा में ही रहता था। वहीं 19 वर्षीय प्रहलाद कश्यप दोनों दोस्त मिलकर गुरुवार की रात 10 से 10.30 बजे के बीच स्कूटी में निकले थे।

गणेश उत्सव में गाना गाने का अभ्यास को लेकर दोनों अपने अन्य साथियों को लेने जाने को निकले थे। इस दौरान सड़क के किनारे खड़ी ट्रक के पीछे स्कूटी जा टकराई हादसे में दोनों युवकों को गंभीर चोट आने पर डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल जांजगीर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# पिता की मौत के बाद भी बीमा कंपनी ने नहीं दी क्लेम राशि, बेटे ने लड़कर हासिल किए लगभग 70 लाख रुपये

**जांजगीर-चांपा।** बीमा अवधि में मृत्यु होने पर बीमा राशि देने से बीमा कंपनी के द्वारा इनकार किया गया। अब बीमा राशि 68 लाख 40 हजार रुपये, मुकदमे का खर्च 10 हजार व मानसिक क्षतिपूर्ति एक लाख रुपये देने का आदेश उपभोक्ता आयोग ने दिया। शिकायतकर्ता सौरभ वैष्णव निवासी नरियरा तहसील मालखरौदा जिला सक्ती के पिता शाम दास वैष्णव ने अपने जीवन काल में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से स्मार्ट संपूर्ण रक्षा पॉलिसी ली थी, जिसकी अवधि 23 अगस्त 2023 से 23 अगस्त 2063 तक थी।




इसमें परिवादी नामिनी था, जिसमें बीमा धारक की किसी भी प्रकार से मृत्यु होने पर बीमा धन 68 लाख 40 हजार था। बीमा धारक की मृत्यु 24 अक्टूबर 2023 को हार्ट अटैक आने से हो गई। परिवादी ने बीमा धन के लिए बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत किया। बीमा कंपनी के द्वारा 31 दिसंबर 2023 को परिवादी का बीमा दावा निरस्त कर दिया। निरस्त करने का कारण बीमित व्यक्ति ने अपनी वार्षिक आय और नियोजन के बारे में गलत जानकारी दी थी और गलत तथ्यों के आधार पर पॉलिसी प्राप्त की थी।

तब शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया। जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी, सदस्य महिमा सिंह ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों व तर्कों का सावधानी पूर्वक अवलोकन कर पाया कि बीमा धारक ने कोई गलत जानकारी नहीं दी थी।

बीमा कंपनी ने बीमा दावा अस्वीकार करने का आयोग के समक्ष कोई विधिक प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है न ही कोई उचित और सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किया है। बीमा कंपनी ने बिना किसी उचित कारण के बीमा राशि देने से इनकार कर सेवा में कमी की है।

## छत्तीसगढ़ के रौनक ने आठवीं पास करने में लगाए 126 साल! मार्कशीट देख चकरा जाएंगे आप

**शिवरीनारायण।** पूर्व माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा की अंकसूची में हुई त्रुटि के चलते एक परीक्षार्थी व उनके पालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल वालों का कहना है कि हमने सही सही जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में भेज दी थी, अंकसूची जांजगीर से बन के आई है और वहीं से सुधरेगी। शिवरीनारायण स्थित धाविका पब्लिक स्कूल में बीते सत्र में कक्षा आठवीं में पढ़ रहे रौनक सिंह की जन्मतिथि 13 फरवरी 2012 है, लेकिन आठवीं की अंकसूची में उसकी जन्मतिथि 30 दिसम्बर 1899 छप गई है। इस लिहाज से उस छात्र की उम्र अभी 126 साल की है। इस भयंकर त्रुटि के बाद रौनक के पिता हरि राम ने स्कूल वालों को बताया तो स्कूल वालों ने सारी जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांजगीर पर डालकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

## कवासी लखमा की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की जमानत याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। लखमा की ओर से उनके अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिहा ने पक्ष रखा और तर्क दिया कि 2024 में दर्ज केस में उन्हें डेढ़ साल बाद गिरफ्तार किया गया, जो पूरी तरह से कानून के खिलाफ है। बचाव पक्ष ने कोर्ट को यह भी बताया कि पूर्व मंत्री को केवल गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी बनाया गया है, जबकि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत मौजूद नहीं है। वकील ने दलील दी कि यह पूरा मामला राजनीतिक षडयंत्र है और उनके मुवक्किल को गलत तरीके से फंसाया गया है।

## खाद संकट को लेकर किसानों का चक्काजाम, दो घंटे तक रुकी रही आवाजाही

**जांजगीर चंपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर/सक्ति जिले में खाद की किल्लत को लेकर किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। सोमवार को जैजैपुर-मालखरौदा मार्ग पर बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतर आए और दो घंटे तक चक्काजाम कर दिया। इस दौरान दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। किसानों का कहना है कि खाद वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है। बार-बार चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा, जिससे उनकी बोनी और फसल प्रभावित हो रही है। नाराज किसानों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।



## फरसा बहार के कोनपारा तालाब दलटोली डेम मरमद जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ स्वीकृति

**जशपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से जिले के फरसाबहार विकास खंड के कोनपारा तालाब (दलटोली डेम) का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। राज्य शासन द्वारा विकासखंड फरसाबहार की कोनपारा तालाब दलटोली डेम का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु लागत राशि रु. 347.21 लाख (रूपये तीन करोड़ सैतालीस लाख ईक्कीस हजार) प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

## एमबीबीएस का बोर्ड लगाकर झोलाछाप डॉक्टर कर रहा इलाज



**बिर्रा।** बिर्रा ग्राम पंचायत में झोलाछाप पटेल डॉक्टर का धंधा खुलेआम चल रहा है और स्वास्थ्य विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से यह व्यक्ति अपने छोटे से क्लिनिक में इलाज कर रहा है। क्लिनिक के बाहर बड़े अक्षरों में एमबीबीएस डॉक्टर का बोर्ड लगाया गया है, जिससे भोले-भाले ग्रामीण धोखे में आ जाते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार यह झोलाछाप डॉक्टर इंजेक्शन लगाने, ग्लूकोज चढ़ाने और छोटे-मोटे ऑपरेशन तक कर देता है। कई लोग ठीक होने की बजाय और बीमार हो गए हैं। बावजूद इसके, ग्रामीण मजबूरी में उसी के पास इलाज कराने जाते हैं। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहा, जिससे विभाग पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि झोलाछाप की स्वास्थ्य विभाग में तगड़ी सेटिंग है, इसी कारण कोई अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पाता। यह स्थिति ग्रामीणों के जीवन से सीधा खिलवाड़ है।

गांव के एक निवासी ने बताया कि सही डॉक्टर की अनुपलब्धता के कारण वे मजबूरी में उसी पर निर्भर रहते हैं। दूसरी ओर, प्रशासन की उदासीनता से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। इस मामले पर चांपा के एसडीएम सुमित बघेल ने कहा कि बिर्रा के झोलाछाप पटेल डॉक्टर पर कार्रवाई के निर्देश तहसीलदार को दिए गए हैं। जल्द ही सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## ग्रामीण के घर में घुसा 4 फीट लंबा मगरमच्छ, मची अफरा-तफरी



**जांजगीर-चांपा।** जिले के कोटमीसोनार गांव में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब चार फीट का मगरमच्छ घर में घुस गया। बाद में, स्थानीय युवाओं की मदद से मगरमच्छ को पकड़ा गया और उसे क्रोकोडायल पार्क में छोड़ा गया। यहां यह आए दिन की बात है, जब मगरमच्छ गली और खेत में घूमते हुए मिल जाते है।

जानकारी के अनुसार, कोटमी सोनार में कुलदीप सिंह का घर क्रोकोडायल पार्क के पास है। उसके घर में चार फीट का मगरमच्छ घुस गया। यह देखकर घर के लोगों के होश उड़ गए। राहत की बात रही वक्त रहते मगरमच्छ का रेस्क्यू कर लिया गया, नहीं तो मगरमच्छ किसी को भी नुकसान पहुंचा सकता था। कोटमीसोनार गांव में प्रदेश का एकमात्र क्रोकोडायल पार्क है, जहां चार सौ से ज्यादा मरगमच्छ हैं। वहीं गांव के तालाब और बांध में भी मगरमच्छ है, जहां से मगरमच्छ निकलकर गांव में खुले में घूमते हुए मिल जाते हैं। बरसातआते ही कोटमी सोनार के गांव के तालाबों से बाहर निकलकर मगरमच्छ खेत, गली मोहल्ले में निकल आते है कोटमी सोनार के दर्जनों तलाबों में आज भी मगरमच्छ हैं जिसे संरक्षित करने को लेकर वन विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इसी कारण ग्रामीण जान जोखिम में डालकर तलाबों से निस्तारी करने मजबूर हैं। आए दिन गांव के जगात तलाब ,उपरोहित तालाब, सोढिया डबरी, दर्री तलाब, कर्रानाला बांध में मगरमच्छ देखे जा रहे हैं, ग्रामीणों के सूचना पर भी वन विभाग इन मगरमच्छों को रेस्क्यू नहीं कर रहा है। ऐसे में ग्रामीणों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। यहां लगभग 400 सौ मगरमच्छ है। पार्क को तार फेसिंग से घेरा गया है। यहां से मगरमच्छ के बच्चे बाहर निकल सकते है लेकिन चार फीट का मगरमच्छ बाहर नहीं आ सकता है। जबकि गांव के दर्जनों तलाबों में मगरमच्छ है कहीं छोटा तो कहीं बड़ा, जिन्हें पकड़कर क्रोकोडायल पार्क में डालने की आवश्यकता है।

# पटवारीयों को जिला प्रशासन ने जारी किया कारण बताओ नोटिस, आक्रोश

**जांजगीर चंपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले में आवश्यक संसाधन की मांग को लेकर पटवारी संघ ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार कर रहे हैं। पांचवें दिन जिला प्रशासन ने ऑनलाइन कार्य नहीं करने वाले 142 पटवारी को कारण बाताओ नोटिस जारी कर दिया। संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। इससे पटवारियों में आक्रोश व्याप्त है। पटवारी संघ भी आवश्यक संसाधन व संसाधन भत्ता की मांग को लेकर ऑनलाइन काम का बहिष्कार 16 अगस्त से कर दिए हैं। संघ के




जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि 2017 से अभिलेखों का ऑनलाइन करने के लिए भुइयां व भू-नक्शा साफ्टवेयर लाया गया है। भुइयां के माध्यम से आमजन को बी-1 खसरा नक्शा आदि सुगमता से प्राप्त हो रहा है। शासकीय भूमि व फसलों की जानकारी सुगमता से देख सकते हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए किसी प्रकार का संसाधन नहीं दिया गया है। संसाधन भत्ता देने की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक नहीं मिल पाया। इधर जिले में ऑनलाइन शासकीय कार्य नहीं करने वाले पटवारियों पर कार्रवाई की गई है। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने 16 अगस्त 2025 से ऑनलाइन शासकीय कार्य नहीं करने वाले 142 पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एसडीएम जांजगीर ने 40, एसडीएम चांपा ने 32, एसडीएम पामगढ़ ने 28 एवं एसडीएम अकलतरा 42 पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि 16 अगस्त से आपके द्वारा सभी प्रकार के ऑनलाइन शासकीय कार्य नहीं किए जा रहे हैं, इससे महत्वपूर्ण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को आवश्यक सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (2) के विपरीत है। संबंधित पटवारियों को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 4930 क्विंटल अमानक चावल को किया रिजेक्ट नान ने

**जगदलपुर।** जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर और अधिकारियों द्वारा चावल की जांच की जा रही है और मापदंड में खरा नहीं उतरने वाले चावल को रिजेक्ट कर मिलर्स को वापस किया जा रहा है। नान के अधिकारियों ने मिलर्स को मानक के अनुसार चावल जमा करने कहा है, इसके बावजूद मिलर्स मापदंड के मुताबिक चावल जमा नहीं कर रहे हैं। कस्टम मिलिंग में अब तक 4930 क्विंटल चावल रिजेक्ट कर दिया गया है। रिजेक्ट किए गए चावल में टूटन की मात्रा ज्यादा और पालिश की मात्रा कम पायी गयी है। इस संबंध में नान के प्रबंधक ने बताया कि मिलर्स ने अब तक 1915 लाट चावल जमा किया है। यह चावल 5 लाख 55 हजार 350 क्विंटल है। इसमें से अब तक 11896 लाट का स्वीकृत किया है। बाकी का बचा हुए 19 लाट अमानक है। एक लाट में 290 क्विंटल चावल आता है। उल्लेखनीय है कि जी चावल मिलर्स के द्वारा जमा किया जाता है।

# नीट परीक्षा में शानदार सफलता, रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में मिली एमबीबीएस सीट

**भोपालपटनम।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के छोटे से कस्बे भोपालपटनम की बेटी कु. नेहा पवनूरी ने अपनी लगन, निष्ठा और कठिन परिश्रम के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए न सिर्फ अपने परिवार का, बल्कि पूरे बीजापुर जिले और भोपालपटनम क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कु. नेहा पवनूरी, जो कि स्वर्गीय श्री पवनूरी रामन्ना जी और श्रीमती पवनूरी चंद्रकांता जी (सहायक ग्रेड-03, शासकीय सेवा) की सुपुत्री हैं, ने वर्ष 2025 में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में शानदार सफलता प्राप्त कर शासकीय स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ में स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रम (एमबीबीएस) हेतु प्रवेश प्राप्त किया है। नेहा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा पहली से आठवीं तक मधुवन पब्लिक स्कूल, भोपालपटनम से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई डी.ए.वी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपालपटनम से पूरी की, जहाँ उन्होंने शैक्षणिक स्तर पर निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डॉक्टर बनने के अपने बाल्यकाल के सपने को साकार करने हेतु नेहा ने भिलाई स्थित एस2एस कोचिंग संस्थान से नीट की तैयारी की और कड़ी मेहनत तथा अनुशासित अध्ययन से सफलता प्राप्त की। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि सुदूर और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र से आने वाले छात्र-छात्राएं भी यदि सही मार्गदर्शन और मेहनत करें तो किसी भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सफलता अर्जित कर सकते हैं। नेहा की इस उपलब्धि से उनके माता-पिता, गुरुजन, सहपाठी एवं समस्त क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व का माहौल है। बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिले से आई यह सफलता न केवल प्रेरणास्पद है, बल्कि आने वाली युवा पीढ़ी को भी शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करती है। नेहा पवनूरी की सफलता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। श्रमबिंदु परिवार की ओर से नेहा को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएँ।

## इंटर स्कुल जूडो चैम्पियनशिप का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**जगदलपुर।** शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाऊन हॉल) में 13 वें इंटर स्कूल जूडो चैंपियनशिप का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने विधिवत शुभारंभ किया इस दौरान महापौर श्री संजय पांडे, विद्याशरण तिवारी,अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, योगेन्द्र पांडे, लक्ष्मण झा,राणा धोष, एवं बस्तर जिला जूडो संध सचिव अब्दुल मोईन, कविता ठाकुर,मकसूदा हुसैन,सुमन राव, नवीन ठाकुर,निलेश कोंडे व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विद्यार्थी काल में ही तय होती है जीवन की दिशा और दशा:महापौर

**जगदलपुर।** शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को गढ़ने और समाज को दिशा देने का माध्यम है। इसी संदेश के साथ शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में भव्य दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने नई शैक्षिक यात्रा का आगाज किया और जीवन के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। महापौर संजय पांडे ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा यह दीक्षारंभ केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि नई यात्रा की शुरुआत है। छात्र जीवन का हर क्षण महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही वह समय है जब जीवन की दशा और दिशा तय होती है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री पाना नहीं, बल्कि ऐसा ज्ञान और कौशल हासिल करना है, जो हमें आत्मनिर्भर बनाए और समाज को भी दिशा दे। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग कौशल आधारित शिक्षा का है। यदि शिक्षा से रोजगार ही नहीं मिले या हम किसी और को रोजगार न दे सकें, तो शिक्षा अधूरी है। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा तभी सार्थक है जब वह समाज को भी लाभ पहुंचाए और आने वाले कल की मजबूत नींव रखे। महापौर ने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आदत डालनी चाहिए। घरों और संस्थानों में दो डस्टबिन का उपयोग हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आदत बननी चाहिए। यदि हम नुक्कड़ों और सड़कों पर कचरा फेंकना बंद कर दें, तो हमारा शहर अपने आप स्वच्छ और सुंदर बन जाएगा। दीक्षारंभ समारोह ने छात्राओं को न केवल शिक्षा के महत्व का बोध कराया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी ही एक सच्चे नागरिक की पहचान है। इस अवसर पर छात्राओं ने शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता और समाजसेवा के प्रति नई प्रतिबद्धता व्यक्त की। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, शिक्षा विभाग की सभापति श्रीमती कलावती कसेर, महाविद्यालय के प्राचार्य राजीव गुहे, प्रो. रंजना नाथ, योगेंद्र मोतीवाला, श्रीमती बबीता दीवान, सुनील मिश्रा, गुलाब साहू, डॉ. श्यामाचरण, भुवनेश्वर कुमार, बृजेश गौतम, गुलाबचंद, डॉ. हेमलता मिंज, डॉ. बिंदु साहू, जीविरा कोसले, तृप्ति खंगन, प्रियंका शुक्ला सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं और छात्राएं मौजूद रहीं।

## 21 घंटे बाद मिला शव

**जगदलपुर।** चित्रकोट के पास मिनी गोवा में गुरुवार को स्नान के दौरान नदी में बहे युवक का शव 21 घंटे की मशक्कत के बाद आज बरामद किया गया है। लोहंडीगुड़ा पुलिस ने बताया कि धरमपुरा निवासी अभय नारायण सिंह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था।

# पारंपरिक नृत्य के साथ छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन

**बीजापुर।** राज्य भर में चल रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत जिला बीजापुर में कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में संस्कृति विभाग ने मनमोहक प्रस्तुति दी जिससे लोक नृत्य की प्रस्तुति एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एजुकेशन सिटी बीजापुर में की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बीजापुर से पापनपाल एवं बोरजे तथा जनपद पंचायत भोपालपटनम से सकनापल्ली के नर्तक दलों के साथ एकलव्य विद्यालय एवं छू लो आसमान संस्था के बच्चों ने पारंपरिक लोक गीतों और धुन पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। आकर्षक वेशभूषा और ढोल-बाजे के साथ प्रस्तुत सकनापल्ली, पापनपाल और बोरजे के नर्तक दलों को दर्शकों की खूब सराहना मिली। इसके बाद छू लो आसमान और एकलव्य विद्यालय के छात्र छात्राओं के आकर्षक लोक नृत्य प्रस्तुत कर महोत्सव में रंग भर दिया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर आदित्य कुंजाम सीईओ जनपद पंचायत बीजापुर एपीसी जाकिर खान एकलव्य प्राचार्य अनिल मिश्रा, प्रभारी खेल अधिकारी डी सुबैया उपस्थित थे।

## शिक्षक एल बी की वरिष्ठता सूची में गंभीर त्रुटियाँ

**बीजापुर।** छ्ग शालेय शिक्षक संघ जिला बीजापुर का एक प्रतिनिधि मंडल ने 13 अगस्त को संभागीय संयुक्त संचालक बस्तर संभाग शिक्षा द्वारा जारी वरिष्ठता सूची शिक्षक एल बी ई एवं टी संवर्ग एवं प्रधान पाठक प्रा शाला मे गंभीर त्रुटियाँ सामने आयी हैं जिसके सुधार हेतु संयुक्त संचालक बस्तर संभाग शिक्षा के नाम ज्ञापन डी ई ओ बीजापुर एल एल धनेलिया को 22.08.25 को ज्ञापन सौंपा गया है।संयुक्त हस्ताक्षर छग शालेय शिक्षक संघ के जिला सचिव कैलाश रामटेके,महामंत्री वसीम खान एवं ब्लाक अध्यक्ष बीजापुर विजय चापड़ी ,अरुण सिंह के द्वारा सौंपे गये। ज्ञापन मे माँग की गई है कि वरिष्ठता सूची मे नियुक्ति तिथि व पदोन्नति तिथि एक ही दर्शायी गई है जिसमे सुधार की आवश्यकता है।जन्म तिथि भी सीरियली नही है आगे -पीछे दर्शायी गई है।कहीं -कहीं पर आदेश जारी होने की तिथि को ही नियुक्ति तिथि दर्शायी गई है। इस संबंध मे यह है कि कई जिला पंचायतों मे 30.04.2005 को आदेश जारी हुआ था जिसे बाद मे राज्य शासन द्वारा सभी को 01.05.2005 मे शिक्षा कर्मी मे परिवर्तित कर प्रथम नियुक्ति तिथि घोषित किया है।सन 1998 मे नियुक्त समस्त शिक्षा कर्मियों की पदोन्नति 2006 से प्रारंभ हुई है।जिसे 1998 दर्शाया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है व सुधार की आवश्यकता है।कहीं -कहीं पर मृत शिक्षकों एवं सेवानिवृत शिक्षकों का नाम भी अंकित है।छ्ग शालेय शिक्षक संघ बीजापुर ने माँग की है कि सभी त्रुटियों को सुधारकर पुन: सूची जारी करें।

## रजत जयंती के अवसर आयोजित हुआ विविध कार्यक्रम

**बीजापुर।** रजत जयंती के अवसर पर उसूर विकास खंड में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार अधिनिय 2005 अंतर्गत स्वीकृत कुल 303 हितग्राहियों को व्यकिगत वन अधिकार मान्यता पत्र उपस्थित जनप्रतिनिधियों के कर कमलों से जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित वितरण किया गया। शिविर में ज़िला पंचायत अध्यक्ष जानती कोरसा जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा तेलंम जंप उपाध्यक्ष तिरुपति पुनेम ज़िला पंचायत सदस्य शंकरिया मांडवी अन्य जनपद सदस्य एवं सरपंचों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## रजत जयंती के तहत मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

**बीजापुर।** रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान ग्राम पंचायत करकेली में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।

## अनमोल वचन......

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं कि उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की

# लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच खिचीं सियासी तलवारें

*चुनाव नतीजों को सहज स्वीकार करना चुनावी लोकतंत्र के टिकाऊ होने की बुनियादी शर्त है। इसी से सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तातंरण संभव होता है। इन स्थितियों के अभाव में अनगिनत देशों को राजनीतिक अशांति और उथल-पुथल से गुजरना पड़ा है। मुद्दा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता का है, लेकिन इस प्रश्न ने निर्वाचन आयोग और विपक्षी दलों के बीच सियासी जंग का रूप ले लिया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, जिसका एक आक्रामक रूप रविवार को देखने को मिला, जब एकतरफ बिहार में सासाराम से महागठबंधन ने आयोग को निशाने पर रखते हुए वोटर अधिकार यात्रा शुरू की, वहीं निर्वाचन आयोग ने नई दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर विपक्ष को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। विपक्षी नेताओं ने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी से मिलीभगत का इल्जाम लगाया, तो मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह अजीब चुनौती पेश कर दी कि मतदाता सूचियों में हेरफेर संबंधी अपने आरोपों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हफ्ते भर के अंदर आयोग के सामने हलफनामा नहीं दिया, तो उनके सारे इल्जाम गलत माने जाएंगे।*

*यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच सियासी तलवारें खिचें, यह स्वाभाविक घटनाक्रम है। लेकिन किसी एक राजनीतिक पक्ष के निशाने पर कोई संवैधानिक संस्था आ जाए, तो उसे व्यवस्था के गहराते संकट के रूप में ही देखा जाएगा। अब सूरत यह है कि विपक्ष और उसके समर्थकों की निगाह में हर वैसे चुनाव का नतीजा संदिग्ध होगा, जिसमें वे विजयी ना हुए हों। उस स्थिति में उनका यही दावा होगा कि चुनाव को चुरा लिया गया। दूसरी तरफ निर्वाचन आयोग ऐसे आरोप को ठुकरा देगा और केंद्र में सत्ताधारी पार्टी उसके बचाव में आ खड़ी होगी।*

*धीरे-धीरे यह रुझान भारतीय लोकतंत्र की साख को क्षीण करता जाएगा। चुनाव नतीजों को सहज स्वीकार करना चुनावी लोकतंत्र के टिकाऊ होने की बुनियादी शर्त है। इसी से सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तातंरण संभव होता है। इन स्थितियों के अभाव में अनगिनत देशों को राजनीतिक अशांति और उथल-पुथल से गुजरना पड़ा है। भारत में वैसी आशंका को हर हाल में टाला जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग चाहे, तो इस दिशा में शुरुआत कर सकता है। उसे इस या किसी विवाद में एक पक्ष बन जाने की जरूरत नहीं है। अगर शिकायतें आई हैं, तो सदिच्छा और विनम्रता के साथ उसे तुरंत विपक्ष से संवाद शुरू करना चाहिए।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी काम को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आज आपके आय के नए रास्ते बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान रहेगा। आज किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट कार्य में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा।

**वृषभ राशि :** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको फोन के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आप कुछ नया करने की कोशिश कर सकते है आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। आज आप निजी मामलो में थोड़ा भावुक हो सकते हैं।

**मिथुन राशिफलः** आज का दिन आपके लिए ठीक    ठाक रहेगा। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आज आपको ऑफिस प्रोजेक्ट समय से पूरा करना होगा , अन्यथा आपको बॉस से डांट पड़ सकती है। आज आप लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, जिससे एक-दूसरे को अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आप किसी मामले में अपने करीबी का सहयोग ले सकतें हैं।

**कर्क राशिफलः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिवार केसदस्यों में आपसी सामंजस्य बना रहेगा, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। आज आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे, जहां आपको काफी शांति महसूस होगी। आज आप सेहत को ठीक रखने के लिए मॉर्निंग वाक् करेंगे इससे आपको तरोताजा महसूस होगा।

**सिंह राशिफलः** आज का दिन आपके लिए मिली    जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप बेवजह की उलझन से दूर होकर, आप किसी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज बिजनेस के सिलसिले में आपकी यात्रा हो सकती है, यह यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप कुछ समय एकांत में रहकर अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे।

**कन्या राशिफलः** आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहेगा। आज आप अपने फैमली बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं 7 आज आप पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में सपरिवार सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। आज आपको राजनीति में सफलता प्राप्त होगी और सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।

**तुला राशिफलः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज आपको अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। इस राशि के छात्रों की नए विषयों में रुचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी।

**वृश्चिक राशिफलः** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आप नेगटिव बातें करने वाले व्यक्तियों से दूर रहें और खुद का आत्मविश्वास बनाये रखें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, आप बच्चों को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं जिससे उन्हें खुशी मिलेगी। आज आप सपनों को साकार करने के लिए काफी उत्साहित रहेंगे।

**धनु राशिफलः** आज का दिन आपके लिए मिला    जुला रहेगा। आज आपको वर्क-फील्ड में सहयोगियों से मदद मिलेगी। इस राशि के घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। आज आपकी सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज किसी काम को पूरा करने के लिए आपको शांत रहने की जरूरत है। आज परिवार से संबंधित किसी समस्या का असर आपके काम पर न हो, इस बात का ध्यान रखें।

**मकर राशिफलः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप अपने कार्यों में किसी और को दखल न देने दें और सब कुछ अपनी तरह से हैंडल करें। आज आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज आप माता-पिता से अपने मन की बातों को साझा करेंगे, जिससे आपको हल्का महसूस होगा। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**कुंभ राशिफलः** आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। आज आपको नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। इस राशि की महिलाएं आज अपनी सहेलियों के साथ किट्टी पार्टी करेंगी।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज घर पर आपके अच्छे गुणों की चर्चा होगी। आज आपको पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। आप लम्बे समय से चल रही योजना में आज कुछ नए चेंजेस भी कर सकते हैं।

# सिंधु की पुकारः संप्रभुता की वापसी और गौरव की बहाली

//अर्जुन राम मेघवाल//

**मानसून शब्द पूरे भारत में खुशी और गर्व का संचार करता है। यह नवाचार, नवीनीकरण और राष्ट्र के आर्थिक इंजन को तत्काल गति प्रदान करने का प्रतीक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, प्रचुर वर्षा के साथ मिलकर, इसकी नदियों को पुनर्जीवित करती है और देशभर में जल संसाधनों का विस्तार करती है। यह प्रगति के मौसम का प्रतीक है और स्वतंत्रता दिवस समारोहों के साथ मिला दिए जाने पर देशभक्ति की एक अनूठी भावना का संचार करता है। लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर आकांक्षी नागरिकों के लिए एक ऐसा खाका पेश किया जो एक विकसित भारत के निर्माण के व्यापक लक्ष्य को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है।**

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का स्थगन–ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया।

देश अरसे से स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखने की कांग्रेस की पुरानी आदत का बोझ ढोता चला आ रहा है। विभाजन की दुखद विभीषिका से लेकर नेहरूवादी कूटनीति की महंगी पड़ने वाली विफलताओं तक, इतिहास गवाह है कि कैसे इन फैसलों ने भारत की मूल अवधारणा को ही कमजोर कर दिया। सिंधु जल संधि (1960) पर बारीकी से गौर करने पर, जनता और देश के विकास की कीमत पर तुष्टिकरण व अति-उदारता की एक ऐसी कहानी सामने आती है, जिसने राष्ट्रीय विकास की संभावनाओं को निरंतर बाधित किया। यह घोर विडंबनापूर्ण है कि भारत के विकास से जुड़े हितों का त्याग एक ऐसे राजनीतिक आकलन से प्रेरित थे जिसने अपने नागरिकों के कल्याण से ऊपर पाकिस्तान के हितों को तरजीह दी।

मूल रूप से, विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी), सिंधु नदी प्रणाली के जल का आवंटन पाकिस्तान के पक्ष में (80:20) करती है। सिंधु नदी प्रणाली का उद्गम मुख्य रूप से भारत में है। इस संधि के तहत भारत को पश्चिमी में बहने वाली सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर नियंत्रण छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिससे वैसे व्यापक जल संसाधन छिन गए जो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के विशाल शुष्क एवं सूखाग्रस्त इलाकों का कायाकल्प कर सकते थे। यदि राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती, तो सुव्यवस्थित जल अवसंरचना इस इलाके के संपूर्ण विकास की तस्वीर को बेहतर बना सकती थी।हालांकि, इस महत्वपूर्ण त्याग से व्यापक कूटनीतिक लाभ मिलने की उम्मीदें भ्रामक साबित हुईं। इस संधि के प्रक्रियात्मक संचालन ने चिंताओं को और बढ़ा दिया। इस संधि पर 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन इसे दो महीने बाद, नवंबर में, संसद के समक्ष रखा गया और वह भी मात्र दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए। जैसे ही इस संधि से जुड़े तथ्य सामने आए, इसके विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बाद प्रमुख समाचार पत्रों में छपी प्रतिकूल टिप्पणियां सुर्खियों में छायी रहीं। इतने महत्वपूर्ण समझौते के प्रति संसदीय स्तर पर बरते गए इस जल्दबाजी भरे व्यवहार ने लोकतांत्रिक निगरानी, पारदर्शिता और तत्कालीन नेतृत्व की दुर्भावनापूर्ण मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

इस सीमित संसदीय पड़ताल के बावजूद, सिंधु जल संधि को भारतीय संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो उस समय एक युवा सांसद थे, ने चेताते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नेहरू का यह तर्क बुनियादी रूप से त्रुटिपूर्ण है कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों के आगे झुकने से मित्रता और सद्भावना स्थापित होगी। संसद में 30 नवंबर 1960 को हुई बहस से पता चलता है कि सभी दलों ने इस संधि की आलोचना की थी। अधिकांश सदस्यों ने सरकार की आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान के सामने झुकने तथा भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। राजस्थान से कांग्रेस सांसद श्री हरीश चंद्र माथुर, अशोक मेहता, ए.सी. गुहा, कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद केटीके तंगमणि, सरदार इकबाल सिंह, बृजराज सिंह ने इस जल कूटनीति को लेकर स्पष्ट रूप से चिंताएं जाहिर की थी और इसके विफल होने से जुड़े नतीजों के बारे में अंदेशा जताया था। कुल मिलाकर, इस संधि को एकतरफा, न कि लेन-देन पर आधारित कहा जा सकता है।इस संदर्भ में, यह विडंबना ही थी कि लोकसभा में अपने उत्तर के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू ने माननीय सांसदों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाए और उन्हें कमतर भी आंका। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि संसदों द्वारा की गई आलोचना तथ्य और निहित विचारों से अनजान रहने पर आधारित है। उन्होंने (नेहरू) आगे कहा, मुझे इस बात का दुख है कि इतने महत्वपूर्ण मामले को... एक ऐसा मामला जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य से भी जुड़ा है... इतने हल्के में और इतनी लापरवाही एवं संकीर्ण सोच के साथ लिया जा रहा है।

इस संधि ने भारत के हितों को कुंद कर दिया और यह पाकिस्तान के लिए एक निर्णायक उपलब्धि साबित हुआ। अयूब खान ने एक सार्वजनिक प्रसारण में स्वीकार किया था कि इस संधि की वैधता और गुण-दोष पाकिस्तान के विरुद्ध थे, लेकिन इस मामले में नेहरू की कूटनीतिक विफलता ने पाकिस्तान को बढ़त दिला दी। 4 सितंबर 1960 को रावलपिंडी में अपने प्रसारण में, अयूब खान ने कहा था, अब जो समाधान हमें मिला है, वह आदर्श नहीं है... लेकिन यह सबसे अच्छा समाधान है जो हमें इन परिस्थितियों में मिल सकता था, इनमें से कई बिंदु, चाहे उनके गुण-दोष और वैधता कुछ भी हों, हमारे खिलाफ हैं। ये खुलासे आज भी राष्ट्रीय हित को गौण रखने के पीछे के मकसद पर सवाल खड़े करते हैं।

जैसा कि निरंजन डी. गुलाटी ने अपनी किताब इंडस वाटर ट्रीटीः एन एक्सरसाइज इन इंटरनेशनल मीडिएशन में लिखा है, 28 फरवरी 1961 को खुद प्रधानमंत्री नेहरू ने इस निराशा को स्वीकार करते हुए कहा थाः मुझे उम्मीद थी कि यह समझौता अन्य समस्याओं के समाधान का रास्ता खोलेगा, लेकिन हम वहीं खड़े हैं जहां पहले थे। इस संधि के बाद के घटनाक्रम में आया तीखा अंतर इस समझौते की असमानता को और भी गहराई से रेखांकित करता है। नेहरू की ढिलाई और राष्ट्रीय हित को दरकिनार करने की प्रवृत्ति समय के साथ भारी पड़ती गई। फरवरी 1962 में, 'वाशिंगटन पोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री नेहरू ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर को आगे की दिशा में एक बड़ा कदम और वास्तव में यह समझौता (कश्मीर के) क्षेत्रीय मुद्दों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण... बताया।

स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, शांति और अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति की चाहत में कांग्रेस नेतृत्व ने भारत की दीर्घकालिक जल सुरक्षा एवं समृद्धि के बजाय कूटनीतिक सुविधावाद को चुना। तुष्टिकरण की यह नीति कई मोर्चों पर राष्ट्रीय प्रगति के लिए हानिकारक साबित हुई। इस संधि से अपेक्षित मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक लाभ कभी भी साकार नहीं हुए। इसके उलट, यह युद्धों और निरंतर सीमा-पार तनावों के रूप में दुर्भाग्य लेकर आई। जल-बंटवारे की इस सख्त व्यवस्था ने सूखे से लड़ने, सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने और संवेदनशील इलाकों में कृषि को मजबूत करने हेतु अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की भारत की क्षमता को सीमित कर दिया। सत्ता-लोलुप शासकों ने आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के प्रति कोई जिम्मेदारी महसूस नहीं की, जिससे भारत कमजोर हो गया। वास्तव में, यह संधि भारत के लिए जल कूटनीति की विफलता और पाकिस्तान के लिए एक राजनीतिक विजय थी। अब, मोदी सरकार इस ऐतिहासिक भूल को सुधारने की दिशा में एक और निर्णायक एवं साहसिक कदम उठा रही है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का प्रयोग करते हुए, सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अंतिम रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना छोड़ नहीं देता। प्रधानमंत्री मोदी जी का स्पष्ट आह्वान राष्ट्रीय हितों को कमजोर करने वालों के लिए एक कड़ी चेतावनी हैः आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते; पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते। यह कदम पिछली नीतियों से अलग हटकर एक साहसिक और ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह केवल एक कूटनीतिक पुनर्संतुलन भर नहीं है, बल्कि अपने संसाधनों और किसानों के हितों एवं संबंधित हितधारकों की आजीविका के अवसरों की रक्षा करने के भारत के संप्रभु अधिकार का एक दृढ़ रणनीतिक दावा है - जो पाकिस्तान की ओर से आने वाले लगातार सीमा पार खतरों के सामने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को सर्वोपरि रखता है। सिंधु जल संधि का स्थगन कूटनीति से कहीं आगे जाता है–यह विकासशील भारतञ्च2047 के लक्ष्य को साकार करने के भारत के संकल्प को दर्शाता है। अपने जल संसाधनों पर नियंत्रण फिर से हासिल करके, भारत जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकता है, सिंचाई व्यवस्था को मजबूत कर सकता है और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकता है–जोकि एक विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। यह निर्णय पुराने समझौतों द्वारा थोपी गई सहमतियों का अंत करता है और जल संप्रभुता को प्रगति की बुनियाद के रूप में स्थापित करता है। यह एक ऐसा साहसिक कदम है, जो आत्मनिर्भरता, स्थिरता और समावेशी विकास के मिशन के साथ गहराई से जुड़ा है।

# विपक्ष की हार उसकी अपनी कमियों के कारण

//अजीत द्विवेदी//

**पहले एक चुटकुले से शुरुआत करते हैं, फिर महान लेखक कृश्नचंदर की किताब 'एक गधे की आत्मकथा' का एक संदर्भ और तब राहुल गांधी और विपक्ष की ओर से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन की चर्चा करेंगे। चुटकुला ऐसे हैः एक व्यक्ति वोट डालने जाता है। वोट डाल कर मतदान करा रहे अधिकारी से पूछता है- देखना मेरी पत्नी आशा देवी वोट डाल कर चली गईं। महिला अधिकारी सूची देख कर कहती है- हां, एक घंटे पहले ही वोट डाल कर चली गईं। व्यक्ति आह भरते हुए कहता है- इसका मतलब है कि एक घंटे पहले आते तो भेंट हो जाती। अधिकारी हंसती है और पूछती है- मजाक कर रहे हैं, क्या घर में आप लोगों की भेंट नहीं होती है। व्यक्ति कहता है- मेरी पत्नी को मरे हुए 15 साल हो गए लेकिन हर बार हमसे एक घंटा पहले आकर वोट डाल जाती है! यह एक व्यंग्य है, जो हम लोग कई दशकों से सुन और सुना रहे हैं। इसका मतलब है कि मतदाता सूची में मृत लोगों के नाम होते हैं और उनका वोट कोई और डालता है। यह प्रक्रिया आजादी के बाद से ही चल रही है।**

भारत की चुनाव व्यवस्था पर तंज करने वाला यह व्यंग्य इसलिए याद आया क्योंकि पिछले दिनों राहुल गांधी बिहार के कुछ ऐसे लोगों से मिले, जिन्हें मृत बता कर उनका नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, मृत व्यक्तियों के साथ चाय पीकर बहुत मजा आया। सवाल है कि जब मृत व्यक्ति वोट डाल सकता है तो जीवित व्यक्ति को मृत बता कर उसका नाम काट देना कौन सी बड़ी बात है। उनको कुछ समय पहले बनी 'कागज' फिल्म देखनी चाहिए। सतीश कौशिक निर्देशित और पंकज त्रिपाठी के बेहतरीन अभिनय वाली इस फिल्म में एक मृत घोषित कर दिया गया व्यक्ति अपने को जीवित साबित करने के लिए संघर्ष करता है। यह कहानी जिस घटना पर आधारित है वह दशकों पुरानी, तब देश में कांग्रेस का ही शासन होता था। देश के कई राज्यों में शासन की व्यवस्था जीवित लोगों को मृत घोषित कर देती है और उसके बाद वे अपने को जीवित साबित करने के लिए बरसों संघर्ष करते हैं। लगता है इस तरह की कहानियां भी राहुल गांधी ने नहीं सुनी हैं। तभी वे ऐसे लोगों से मिल कर आश्चर्यचकित हो रहे थे, जिनको मृत बता कर मतदाता सूची से हटा दिया गया है। उनका आश्चर्य ऐसे बच्चे की तरह है, जिसको अभी आंखों की रोशनी मिली हो और वह ट्रेन देख कर विस्मित हो रहा हो!

बहरहाल, महान लेखक कृश्नचंदर की चर्चित किताब है 'एक गधे की आत्मकथा'। इसमें गधा पंडित जवाहरलाल नेहरू से भी मिलता है। उससे पहले वह उनकी सरकार के कुछ और मंत्रियों से भी मिलता है। उससे पहले उसकी मुलाकात दिल्ली के एक इलाके के थानेदार से होती है। थानेदार इस पर आश्चर्यचकित होता है कि गधा इंसानों की तरह बोल रहा है। वह कहता है कि उसने बहुत सारे इंसानों को तो गधों की तरह बोलते सुना है लेकिन पहली बार किसी गधे को इंसानों की तरह बोलते सुन रहा है। कहने का मतलब है कि गधा आदमी की तरह बोले तो आश्चर्य होता है लेकिन आदमी गधों की तरह बोलें, को कोई फर्क नहीं पड़ता है। राहुल गांधी का आश्चर्य उसी तरह का है। यानी मृत लोग जीवित लोगों की तरह मतदान करें तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है लेकिन जीवित लोगों को मृत बता कर वोट काट दिया जाए तो वह बड़े आश्चर्य की बात है!राहुल गांधी से लेकर योगेंद्र यादव और सुप्रीम कोर्ट के माननीय जज इस बात पर ऐसे हैरान हो रहे थे, जैसे यह कोई अनहोनी बात हो। असल में यह कोई अनहोनी बात नहीं है। मतदाता सूची में ऐसी खामियां होती हैं और यह व्यवस्था की वजह से होती है। चुनाव आयुक्त इसके लिए खासतौर से निर्देश नहीं जारी करते हैं। वैसे ही जैसे कई राज्यों में जीवित लोगों के नाम पेंशन की सूची से कट जाता है और वे भागदौड़ करते रहते हैं अपने को जीवित साबित करने के लिए। इसके लिए भी कहीं ऊपर से निर्देश नहीं आता है। सोचें, कोई 15 साल पहले जब आधार कार्ड बनना शुरू हुआ था तो बिहार में शाहरूख खान और सलमान खान के भी आधार कार्ड बन गए। क्या यूआईडीएआई के तत्कालीन प्रमुख नंदन नीलेकणी ने इसके लिए निर्देश दिए होंगे! एक समय बिहार में अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का वोटर कार्ड भी बन गया था तो क्या तत्कालीन चुनाव आयुक्त ने इसके लिए निर्देश भेजा होगा। ऐसे ही बिहार में लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम के प्रमुख वेलुपिल्लई प्रभाकरण का ड्राइविंग लाइसेंस बन गया था। तो क्या बिहार के परिवहन मंत्री या परिवहन सचिव ने नीचे आदेश देकर प्रभाकरण का लाइसेंस बनवाया। असल में यह व्यवस्था की खामी है कि कुछ जीवित लोगों के नाम मतदाता सूची से कट जाते हैं तो कुछ मृत व्यक्तियों के नाम सूची में रह जाते है या किसी के पिता का या पति का नाम गलत हो जाता है। यह काम चुनाव आयुक्त निर्देश देकर नहीं कराते हैं। बिहार में एसआईआर के पहले चरण के बाद जितनी शिकायतें सामने आई हैं उनको देख कर यही लग रहा है कि नीचे के कर्मचारियों की लापरवाही से कुछ गड़बड़ियां हुई हैं। ध्यान रहे एक सितंबर से 18 सितंबर के बीच सिर्फ 45 हजार शिकायतें आयोग को मिली हैं। यह काटे गए 65 लाख नामों के एक फीसदी से भी कम है।तभी कुल मिला कर विपक्ष की कहानी में दम नहीं दिख रहा है। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में दुनिया भर की गड़बड़ियां हुई हैं। बूथ लेवल अधिकारियों ने घर में बैठ कर मनमाने तरीके से फॉर्म भरे हैं और उन्हें जमा करा दिया है। लेकिन क्या पहले भी इसी तरह से मतदाता सूची नहीं बनती थी। क्या पहले इसी तरह से आधार नहीं बने हैं, क्या इसी तरह से जनगणना नहीं होती है और क्या इसी तरह से बिहार में जाति गणना के फॉर्म नहीं भरे गए थे। बिहार या कहीं के लोगों को इससे कोई मतलब नहीं है कि प्रक्रिया क्या रही। अंत नतीजा यह है कि सवा सात करोड़ लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



पोस्ट की गई इस तस्वीर में, उत्तराखंड के चमोली जिले में भारी वर्षा के बाद प्रभावित क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान के दौरानपुलिस कर्मी और अन्य लोग।




नई दिल्ली में भारत मंडपम में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस)' के प्रथम स्वरूप के अनावरण के दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर और ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन अन्य लोगों के साथ।



नई दिल्ली के मयूर विहार क्षेत्र में जिला मजिस्ट्रेट पूर्वी द्वारा बाढ़ राहत शिविर स्थापित किए जा रहे हैं।



गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल के कक्षा 10 के एक छात्र की उसके जूनियर छात्र द्वारा मामूली कहासुनी के बाद चाकू मारकर हत्या कर दिए जाने के बाद स्कूल के छात्रों के माता-पिता विरोध प्रदर्शन के दौरान तख्तियां पकड़े हुए हैं।



झारखंड के रांची में भारी बारिश के बाद पानी से भरे गैराज में खड़ी एक बस।



झारखंड के रांची में बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर अज़रबैजान से प्रत्यर्पण के बाद झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) द्वारा सफेद वर्दी गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को लाया जा रहा है।

# भारत करेगा बड़ा कमाल, देश में ही बनेंगे फाइटर जेट के इंजनः राजनाथ सिंह का ऐलान

नईदिल्ली, 24 अगस्त [एजेंसी]।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत फ्रांसीसी एयरोस्पेस दिग्गज कंपनी सफ्रान के साथ साझेदारी में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के लिए इंजन बनाना शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की स्वदेशी रक्षा और एयरोस्पेस क्षमताओं को मजबूत करने के प्रयासों में एक बड़ा कदम है।एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के कार्यक्रम में उन्होंने कहा, आज, हमने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। अब हम फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान के साथ मिलकर भारत में ही उनके इंजन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राजनाथ सिंह ने वैश्विक कंपनियों को भारत के बढ़ते रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें सरकारी समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने विदेशी कंपनियों और निवेशकों से भारत के जीवंत रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश करने की अपील की।उन्होंने कहा, हम सभी आवश्यक मंजूरियां प्रदान करेंगे और सहयोग प्रदान करेंगे। मेक इन इंडिया के पीछे के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए राजनाथ ने कहा कि हमारी मेक इन इंडिया पहल केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। जब आप भारत में निर्माण करते हैं, तो आप दुनिया के लिए निर्माण करते हैं। यह घोषणा रक्षा मंत्रालय द्वारा उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान कार्यक्रम के कार्यान्वयन मॉडल को मंजूरी दिए जाने के कुछ ही महीनों बाद आई है। विगत एक दशक में लगभग 35 गुना बढ़ा रक्षा निर्यात रक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले एक दशक में रक्षा निर्यात लगभग 35 गुना बढ़ा है और सरकार ने इस वर्ष रक्षा निर्यात में 30,000 करोड़ रुपये और 2029 तक 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। राजनाथ के अनुसार, भारत का रक्षा निर्यात 2013-14 में केवल 686 करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 23,622 करोड़ रुपये हो गया। आज, रक्षा उत्पादों का निर्यात लगभग 100 देशों को किया जाता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन तीन गुना से भी अधिक हो गया है। यह 2014 में 40,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है और चालू वित्त वर्ष में लगभग दो लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है।

### अयोध्या राजा विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र का निधन, बसपा के टिकट पर लड़ा था चुनाव, राममंदिर ट्रस्ट में थे सदस्य

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य, राजसदन अयोध्या के मुखिया विमलेंद्र प्रताप मोहन मिश्र पप्पू भैया नहीं रहे।शनिवार देर रात उन्होंने राजसदन में ही अंतिम सांस ली। वह लगभग 71 वर्ष के थे। उनकी अंत्येष्टि रविवार दोपहर 12 बजे अयोध्या में सरयू तट पर होगी।अयोध्या में राजवंश परिवार के मौजूदा राजा के रूप में विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र अयोध्या के लोगों के बीच राजा साहब के रूप में जाने जाते थे। वह अयोध्या रामायण मेला संरक्षक समिति के सदस्य भी थे।उन्होंने 2009 के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद संसदीय सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत नहीं सके थे। अयोध्या राजवंश के राजा दर्शन सिंह की वंशावली से जुडी कड़ी में स्वर्गीय महारानी विमला देवी के दो पुत्र विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र और शैलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र हुए।विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के बड़े होने के कारण उन्हें इस राजवंश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला और उन्हें राजा अयोध्या के रूप में जाना जाने लगा। विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के बेटे यतींद्र मोहन प्रताप मिश्र ख्यातिलब्ध साहित्यकार हैं।

# चंद्रमा, मंगल तक पहुंच गए, अब गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, पीएम मोदी ने दिया नया लक्ष्य

नईदिल्ली, 24 अगस्त [एजेंसी]।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विज्ञानियों को नया लक्ष्य देते हुए कहा कि अगला कदम गहन अंतरिक्ष का अन्वेषण करना है। प्रधानमंत्री ने विज्ञानियों से गहरे अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन की तैयारी करने का आग्रह किया ताकि मानवता के भविष्य को उजागर करने वाले रहस्यों को समझा जा सके। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर वीडियो संबोधन में पीएम मोदी ने घोषणा की कि भारत अंतरिक्षयात्री पूल तैयार कर रहा है। उन्होंने युवाओं को इस पूल या समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। गौरतलब है कि 2023 में 23 अगस्त को ही चंद्रयान-3 मिशन के तहत भारत चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की याद में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है। पीएम मोदी ने कहा, हम चंद्रमा और मंगल तक पहुंच गए हैं। अब हमें गहरे अंतरिक्ष में झांकना है, जहां मानवता के भविष्य के लिए लाभकारी कई रहस्य छिपे हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में एक के बाद एक उपलब्धि हासिल करना अब भारत और उसके वैज्ञानिकों का स्वाभाविक गुण बन गया है। अंतरिक्ष का अनंत विस्तार हमें लगातार याद दिलाता है कि कोई भी मंजिल अंतिम नहीं होती। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत सेमी-क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय विज्ञानियों की कड़ी मेहनत की बदौलत भारत जल्द ही गगनयान मिशन लांच करेगा और अपना अंतरिक्ष स्टेशन भी बनाएगा। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र के उद्यमियों से यह भी पूछा कि क्या अगले पांच वर्षों में पांच स्टार्टअप यूनिकार्न बन सकते हैं। प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र के आगे आने की इच्छा जताई ताकि भारत अगले पांच वर्षों में हर साल 50 राकेट प्रक्षेपित कर सके।

पीएम ने कहा कि तीन दिन पहले ही उनकी मुलाकात ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से हुई थी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया था। शुभांशु ने आईएसएस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर भारतीय को गौरवान्वित किया। जब शुभांशु ने तिरंगा दिखाया, तो उसे छूने का अहसास शब्दों से परे था। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, राष्ट्रीय अंतरिक्षदिवस पर हम उस ऐतिहासिक क्षण का जश्न मनाते हैं जब चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव को छुआ। उस समय हर भारतीय का दिल गर्व से भर गया।

मैं इसरो के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई देता हूं।अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के लिए स्वर्णिम काल है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के कार्यक्रम में कहा कि पूरी दुनिया भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है। शुभांशु ने नेहरू तारामंडल में आर्यभट्ट गैलरी का उद्घाटन भी किया।इसरो अध्यक्ष ने पीएम मोदी को दिया चंद्रयान 3 की सफलता का श्रेय भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने चंद्रयान 3 मिशन की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और नेतृत्व को दिया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मुख्य समारोह में इसरो अध्यक्ष ने कहा, 23 अगस्त 2023 ऐतिहासिक दिन था।

# उपराष्ट्रपति के लिए रेड्डी की उम्मीदवारी से आदिवासियों के जख्म हुए हरे, 14 साल पुराने फैसले से कैसे बदल गया था सबकुछ

नईदिल्ली, 24 अगस्त [एजेंसी]।



आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के सलवा जुडूम आंदोलन से जुड़े जख्म हरे हो गए हैं। रेड्डी वही न्यायाधीश हैं, जिन्होंने वर्ष 2011 में निर्णय देते हुए सलवा जुडूम आंदोलन को असंवैधानिक करार दिया था। इस आंदोलन की शुरुआत वर्ष 2005 में माओवादियों की जबरन भर्ती के खिलाफ स्थानीय आदिवासियों द्वारा की गई थी। इसे बाद में राज्य की रमन सिंह सरकार का समर्थन भी मिला। कांग्रेस नेता महेंद्र कर्मा ने आंदोलन का खुलकर समर्थन किया, जिनकी माओवादियों ने हत्या कर दी। मानवाधिकार संगठनों ने इस आंदोलन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। रेड्डी के फैसले के बाद सलवा जुडूम पर रोक लग गई, जिससे मानवाधिकार समूहों ने राहत की सांस ली, लेकिन सुरक्षा नीति समर्थकों और आदिवासी संगठनों ने इसे माओवादी हिंसा को बढ़ावा देने वाला कदम माना। आदिवासी संगठनों का मानना है कि रेड्डी को उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाने का कांग्रेस का निर्णय बस्तर के आदिवासियों के साथ अन्याय है। सलवा जुडूम बंद होने से माओवादी हिंसा बढ़ी और हजारों आदिवासियों की जान गई। आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा कि कांग्रेस वामपंथी विचारधारा को बढ़ावा देती रही है और रेड्डी की उम्मीदवारी इसी का उदाहरण है। भाजपा ने कांग्रेस और रेड्डी दोनों पर तीखा हमला बोला है।

प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यदि फैसला न आया होता तो वर्ष 2020 तक माओवादी हिंसा समाप्त हो गई होती। इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इंटरनेट मीडिया पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भी एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है।अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने वामपंथियों के दबाव में ऐसे व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया है, जिसने सलवा जुडूम पर ऐसा फैसला दिया, जिससे माओवाद को सहारा मिला। उधर, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा पर अनावश्यक विवाद खड़ा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि रेड्डी का फैसला पूरी तरह संवैधानिक था और कांग्रेस भी सलवा जुडूम आंदोलन का समर्थन करती रही है।

### आरजी कर अस्पताल से जुड़े मामले में TMC MLA के घर छापा CBI ने दफ्तर में जांचे कागजात

**कोलकाता।** सीबीआई अधिकारियों की एक टीम ने शनिवार को कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में उत्तर कोलकाता में टीएमसी विधायक डॉ. सुदीप्त राय के आवास पर छापा मारा। जब अधिकारी वहां पहुंचे तो श्रीरामपुर के विधायक अपने घर पर नहीं थे। सीबीआई अधिकारी राय के स्वामित्व वाले नर्सिंग होम भी गए और उनके कार्यालय में कागजात की जांच की। सितंबर 2024 में सीबीआई ने अस्पताल में एक महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना की जांच के सिलसिले में टीएमसी विधायक से उनके आवास पर पूछताछ की थी।मृत डॉक्टर के परिवार ने दावा किया था कि उन्हें सरकारी अस्पताल में चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं मिली थीं। मालूम हो कि पिछले साल नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल परिसर में डॉक्टर का शव चोटों के निशान के साथ मिला था।

## मध्य प्रदेश में 14 हजार कैदियों को सजा में 60 दिनों की छूट, सीएम मोहन यादव ने की घोषणा



भोपाल, 24 अगस्त [एजेंसी]।

मध्य प्रदेश में 21 हजार दंडित कैदियों में से 14 हजार को सजा में 60 दिन की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यह महत्वपूर्ण घोषणा की। यह छूट केवल उन कैदियों पर लागू होगी, जो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और जेल नियमों के तहत पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और जिनका आचरण संतोषजनक रहा है।गंभीर अपराधों जैसे आतंकवाद, यौन अपराध और हत्या के दोषियों को इस लाभ से वंचित रखा गया है। मुख्यमंत्री ने जेल विभाग को रिहाई प्रक्रिया को पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ पूरा करने का निर्देश दिया है। छूट का लाभ एक-दो दिन में ऐसे लगभग सौ कैदियों को मिलेगा, जिनकी सजा लगभग 60 दिन या उससे कम रह गई है।

## मध्य प्रदेश में 5500 करोड़ से बनेगा टाइगर कॉरिडोर हाईवे, चार टाइगर रिजर्वों को जोड़ेगा



**जबलपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश में 5500 करोड़ रुपये की लागत से टाइगर कॉरिडोर हाईवे बनाने की घोषणा की। यह कॉरिडोर हाईवे प्रदेश के चार टाइगर रिजर्वों कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच को जोड़ेगा। शनिवार को जबलपुर में प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर का लोकार्पण करते गड़करी ने कहा कि मध्य प्रदेश बाघों के लिए प्रसिद्ध है। ऐसे में लोगों को टाइगर रिजर्व तक सुलभ मार्ग उपलब्ध कराने के लिए टाइगर कॉरिडोर हाईवे बनाया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने जबलपुर-भोपाल के बीच नया ग्रीन फील्ड हाईवे बनाने की बात भी कही। इस दौरान उन्होंने रीवा में वाराणसी-नागपुर मार्ग पर फ्लाईओवर निर्माण के लिए 150 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की।

# चुनाव आयोग सक्रिय, बंगाल में तेज हुई एसआईआर की तैयारियां




**कोलकाता।** केंद्रीय चुनाव आयोग बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर सक्रिय हो गया है। आयोग ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) कार्यालय को फिर पत्र लिखकर तैयारियों की प्रगति पर रिपोर्ट मांगी है। साथ ही चुनाव पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) व सहायक चुनाव पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के रिक्त पदों की वर्तमान स्थिति का भी ब्योरा मांगा है। आगामी 29 अगस्त तक सारी जानकारियां दिल्ली भेजने को कहा गया है। आयोग इसी महीने सारी तैयारियां पूरी कर लेना चाहता है।सीईओ मनोज अग्रवाल ने 29 अगस्त को राज्य के सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। इसमें राज्य में बढ़ने वाले करीब 14,000 बूथों पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। आयोग ने निर्देश दिया था कि जहां भी 1,200 से अधिक मतदाता हैं, वहां नए बूथ तैयार करने होंगे। बंगाल में वर्तमान में 80,000 से कुछ अधिक बूथ है। नए बूथ बनने पर आंकड़ा 94,000 को पार कर जाएगा। बंगाल सरकार ने मतदाता सूची तैयार करने में गड़बड़ी के आरोपित वेस्ट बंगाल सिविल सर्विस के चार अधिकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए चुनाव आयोग से समय मांगा है। आयोग के सख्त रवैये को देखते हुए सरकार ने चारों को निलंबित कर दिया है। अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की है।नोबेल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने एसआइआर को लेकर चिंता जताई।

### सऊदी में फंसे भारतीय की संकटमोचक बनी मोदी सरकार वित्तीय देनदारियों के कारण नहीं हो पा रही थी वापसी

**दुबई 24 अगस्त।** सऊदी अरब में फंसे एक भारतीय की स्वदेश वापसी में दूतावास मददगार बनकर सामने आया। रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को कहा कि उसने भारतीय नागरिक के लिए सऊदी अरब से निकासी की मंजूरी सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप किया। वह भारी वित्तीय देनदारियों का सामना कर रहा था, जिसके कारण उसकी वापसी नहीं हो पा रही थी। दूतावास ने कहा कि शावेज हामिद एक दुर्घटना के बाद चार महीने तक सऊदी अरब के अस्पताल में भर्ती रहे और आज भारत लौट रहे हैं। दूतावास ने कहा कि उनकी ओर से किए गए हस्तक्षेप के बाद बकाया राशि में से अधिकांश माफ कर दी गई। उनके सरकारी जुर्माने के भुगतान में भी दूतावास ने मदद की। हामिद के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान चिकित्सा अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें उचित देखभाल और उपचार मिले।

## मुर्गी की मौत का बदला लेने के लिए आठ कुत्तों को दिया जहर, तीन की मौत



**बर्नपुर।** बंगाल के आसनसोल में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने अपनी मुर्गी की मौत का बदला लेने के लिए आठ निर्दोष कुत्तों को जहर देकर मारने का प्रयास किया। एक आवारा कुत्ते ने युवक विकास मंडल की मुर्गी को मार दिया था, जिसके बाद गुस्से में आकर विकास ने कुत्तों को जहर देने की योजना बनाई। शुक्रवार की रात, विकास ने जहर मिलाकर कुत्तों को खाना खिलाया, जिसके परिणामस्वरूप तीन कुत्तों की मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य कुत्तों की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जबकि तीन कुत्ते लापता हैं। घटना की जानकारी स्थानीय पशु प्रेमी सुमित ने हीरापुर थाने और आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्त को दी है। सुमित ने आरोप लगाया है कि विकास ने बदले की भावना से यह कृत्य किया। उन्होंने बताया कि विकास ने पहले ही धमकी दी थी कि वह सभी कुत्तों को खत्म कर देगा।घटना के बाद, आक्रोशित पशु प्रेमियों ने हीरापुर थाना का घेराव किया और आरोपित की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। हीरापुर थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पारंपरिक कृषि पद्धतियों और प्रौद्योगिकी का तालमेल कृषि को बना सकता है आत्मनिर्भर : भागवत

छत्रपति संभाजीनगर, 24 अगस्त [एजेंसी]।



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत आधुनिक प्रौद्योगिकी को पारंपरिक कृषि पद्धतियों और पशुपालन के साथ मिलाकर कृषि में आत्मनिर्भर बन सकता है।उन्होंने ज्येष्ठ पशुवैद्य प्रतिष्ठान के 28वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। यहां किसानों, पशु चिकित्सा स्नातकों और विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। संघ प्रमुख ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताएं भारत के लिए कृषि में आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। कृषि और पशुपालन की भारतीय पद्धतियों के साथ आधुनिक पद्धतियों को मिश्रित करने से किसानों को बहुत लाभ होगा।

इससे देश आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सकों को उन जीवों के दर्द को समझने की कला आती है जो न तो बोल सकते हैं और न ही इलाज के दौरान विरोध कर सकते हैं। फिर भी वे उन्हें ठीक कर देते हैं। भागवत ने कहा कि प्राचीन पशु चिकित्सा विशेषज्ञ शालिहोत्र ने घोड़े की आयु और गुण निर्धारित करने का विज्ञान बताया था। यह परंपरा हमारे लिए गर्व की बात है। स्वदेशी मवेशियों और पारंपरिक कृषि प्रणालियों में लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

# राजद में टिकट के दावेदारों में मची होड़, बागियों का सहारा बनेंगे तेज प्रताप यादव



दरभंगा, 24 अगस्त [एजेंसी]।

विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है, टिकट के दावेदार भी खुलकर सामने आने लगे हैं। ऐसे तो दावेदारी से हर दल के सुप्रीमो परेशान हैं, लेकिन, सबसे अधिक दावेदारी राजद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। इसमें कई ने अभी से बागी के रूप में तैयारी भी शुरू कर दी है। दरअसल, कई ने सामने वाले दिग्गज नेता को देख मान लिया है, उन्हें पार्टी का टिकट नहीं मिलने वाला है। ऐसे में तेज प्रताप यादव के सहारे सामाजिक न्याय की चेतना जगाने के लिए क्षेत्र में जाने के लिए आतुर हैं। दरभंगा जिले के हायाघाट और कुशेश्वरस्थान सुरक्षित क्षेत्र में हाल के दिनों में तेज प्रताप यादव ने अपने समर्थकों के साथ रोड शो कर चुके हैं। हायाघाट क्षेत्र के उज्जैना में उन्होंने सभा को संबोधित कर अपने को दूसरा लालू प्रसाद यादव बताकर समर्थकों में जोश भर दिया है। बताया जाता है कि तेज प्रताप यादव के लिए अंदर ही अंदर कई बड़े नेता काम कर रहे हैं। जिनकी नजर सभी विधानसभा सीटों पर है।इसमें चुनाव लड़ने वाले नेताओं को जातीय समीकरण के तहत चिह्नित किया जा रहा है।

कई ने तो दो कदम आगे बढ़कर अपने क्षेत्र में तेज प्रताप का कार्यक्रम भी ले रहे हैं। कई नेताओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि समय नजदीक आने पर सब कुछ साफ हो जाएगा।हालांकि, इतना कहा कि वर्षो से पार्टी के खास लोग ही चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में नए कार्यकर्ताओं को मौका नहीं मिल रहा है। तेज प्रताप यादव से किसी नए कार्यकर्ताओं को बैर नहीं है। एक नेता ने कहा कि चुनाव लड़ना तो सभी का मौलिक अधिकार है। ऐसे में तेजस्वी और तेज प्रताप में कोई अंतर नहीं है।दोनों सामाजिक न्याय के पक्षधर हैं और एक ही परिवार के अलग-अलग दो फूल हैं। ऐसे में बताया जा रहा है कि कई ऐसे बागी तेजप्रताप के संपर्क में हैं, जो राजद और उसके प्रत्याशियों को झटका देने के लिए बेताब हैं।बता दें कि दरभंगा के 10 विधानसभा क्षेत्रों में 2020 के चुनाव में राजद ने जाले और बेनीपुर को छोड़कर आठ सीटों पर चुनाव लड़ा था। इसमें मात्र एक सीट दरभंगा ग्रामीण से ललित कुमार यादव की जीत हुई थी।ऐसी स्थिति में राजद अपनी खोई हुई जमीन को वापस लेने के लिए जो तैयारी कर रही है उसमें तेज प्रताप फैक्टर की इंट्री महंगी साबित हो सकती है।

### अफगानिस्तान से जाते वक्त अमेरिका छोड़ गया था हथियार अब पाकिस्तान के खिलाफ इस्तेमाल कर रहा तालिबान

**नई दिल्ली 24 अगस्त।** पाकिस्तान ने अमेरिका से कहा है कि वह अफगानिस्तान में छोड़े गए हथियार वापस ले। ये हथियार आतंकवादियों के हाथों में जा रहे हैं और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। अफगानिस्तान से वापसी के दौरान बड़ी मात्रा में सैन्य हथियार वहीं छूट गए थे। पाकिस्तानी सैन्य प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि अमेरिकी हथियारों का अनियंत्रित प्रसार पाकिस्तान की स्थिरता के लिए सीधा खतरा है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन द्वारा अनुमानित सात अरब डॉलर से अधिक मूल्य के अमेरिकी हथियारों के भंडार में बख्तरबंद वाहन, उन्नत आग्नेयास्त्र, बायोमीट्रिक सिस्टम और अन्य संवेदनशील उपकरण शामिल हैं।माना जाता है कि इनमें से कई हथियार पाकिस्तानी तालिबान द्वारा जब्त कर लिए गए और अब पाकिस्तान सेना के खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे हैं। खोस्त और पक्तिका जैसे अफगान के ब्लैक मार्केट में अमेरिका निर्मित हथियारों की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक एम4 राइफल 4,200 डॉलर से अधिक में बिकती है, जबकि एक एम16 राइफल 1,400 डॉलर में बिकती है।

## ईयू-अमेरिका समेत कई देशों से चल रही एफटीए वार्ता पीयूष गोयल बोले- दुनिया भारत की ओर देख रही



नईदिल्ली, 24 अगस्त [एजेंसी]।

वणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत यूरोपीय संघ (ईयू), अमेरिका, चिली और पेरू जैसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है।व्यापारियों और उद्यमियों के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं भारत की ओर देख रही हैं और एफटीए पर चर्चा कर रही हैं। वाणिज्य मंत्रालय इन वार्ताओं में निरंतर शामिल है।उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और जापान में सुबह दफ्तर खुलते हैं। दोपहर में यूरोप से बातचीत होती है और शाम को अमेरिका के साथ संवाद शुरू होता है।इसके अलावा, पेरू और चिली के साथ भी वार्ताएं चल रही हैं। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता मार्च से चल रही है, जिसमें अब तक पांच दौर की वार्ताएं संपन्न हो चुकी हैं। हालांकि, अमेरिका ने छठे दौर की वार्ता के लिए अपनी यात्रा को स्थगित कर दिया है। अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने की घोषणा की है।



## परम सुंदरी का गाना डेंजर जारी, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर ने किया जोरदार डांस

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी के सिनेमाघरों में रिलीज होने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। यह फिल्म 29 अगस्त, 2025 को दर्शकों के बीच आएगी। अब इससे पहले निर्माताओं ने परम सुंदरी का नया गाना डेंजर जारी कर दिया है, जिसे विशाल ददलानी, पार्वती मीनाक्षी और सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। इस गाने के बोलअमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। गाने डेंजर में सिद्धार्थ और जाह्नवी जबरदस्त डांस करते दिख रहे हैं।

परम सुंदरी में सिद्धार्थ दिल्ली के एक अमीर या कहें बड़े कारोबार का किरदार निभा रहे हैं। उधर जाह्नवी एक ऐसी लड़की की भूमिका निभा रही हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है। फिल्म की पूरी कहानी उन्हीं की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती नजर आएगी। बता दें कि इस फिल्म के निर्देशन की कमान तुषार जलोटा संभाल रहे हैं, वहीं दिनेश विजान फिल्म के निर्माता हैं।

तुषार जलोटा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में संजय कपूर, रेंजी पणिक्कर, मनजोत सिंह, सिद्धार्थ शंकर और इनायत वर्मा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसमें जान्हवी एक मलयाली लड़की सुंदरी की भूमिका में हैं, जबकि सिद्धार्थ एक पंजाबी लड़के परम की भूमिका में हैं, जो दोनों के प्यार में पड़ जाते हैं। फिल्म में अपने किरदार के बारे में पहले बात करते हुए, जान्हवी ने कहा, वह मेरे लिए बेहद निजी है। उसकी शालीनता, शांत शक्ति और अपनी जड़ों के प्रति प्रेम मेरी अपनी दक्षिण भारतीय विरासत से मेल खाता है। केरल में ऐसी सुंदरता से घिरी शूटिंग करते हुए, मुझे उसकी दुनिया से एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस हुआ, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी ऐसा ही महसूस करेंगे।

यह फिल्म दिनेश विजान द्वारा निर्मित है और पहले इसे 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाना था, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया। अब यह 29 अगस्त को रिलीज़ होगी।

यह रोमांटिक-ड्रामा सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच पहली बार साथ काम करने वाली फिल्म होगी। सिद्धार्थ आखिरी बार एक्शन फिल्म योद्धा (2024) में नज़र आए थे और उनकी अगली फिल्म लोक-थ्रिलर वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट भी है। इस बीच, जान्हवी की फिल्म होमबाउंड हाल ही में कान्स में प्रदर्शित हुई। उन्हें आखिरी बार पिछले साल जासूसी थ्रिलर उलज में देखा गया था।

## एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, पर्दे पर दिखेगा हर्षवर्द्धन राणे और सोनम बाजवा का रोमांस



अभिनेता हर्षवर्द्धन राणे एक प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। जब से फिल्म एक दीवाने की दीवानियत का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। इस फिल्म में हर्षवर्द्धन के साथ अभिनेत्री सोनम बाजवा नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब आखिरकार एक दीवाने की दीवानियक का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें प्यार, जुनून, नफरत और पागलपन देखने को मिल रहा है।

हर्षवर्द्धन और सोनम की जोड़ी को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। फिल्म में उनके इमोशनल सीन दर्शकों को गहराई से छू रहे हैं। एक दीवाने की दीवानियत को इस साल दिवाली के मौके पर यानी 21 अक्टूबर को रिलीज किया जाएगा। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना आयुष्मान खुराना की फिल्म थामा से होगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जवेरी ने संभाली है।

टीजर की शुरुआत हर्षवर्धन राणे का वॉयसओवर है, जिसमें वो कहते हैं, तेरे लिए मेरा प्यार, तेरा भी मौतजा नहीं, ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं। इसके साथ बैकग्राउंड म्यूजिक भी है। टीजर में सोनम बाजवा और हर्षवर्धन राणे के बीच दिल टूटने, लड़ाई और भावनात्मक प्रेम कहानी दिखाई गई है। बता दें कि इस फिल्म का संगीत कुणाल वर्मा, कौशिक-गुड्डु, रजत नागपाल, अंकुर आर पाठक, राहुल मिश्रा और डीजे चेतस ने तैयार किया है। फिल्म का निर्माण अंशुल गर्ग और दिनेश जैन ने देसी म्यूजिक फैक्ट्री के बैनर तले किया है। हालांकि, फिल्म की पटकथा मुश्ताक शेख और मिलाप जावेरी ने लिखी है। काम की बात करें तो सोनम बाजवा आखिरी बार बॉलीवुड की एक्शन कॉमेडी फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन के साथ मुख्य भूमिकाओं में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने रितेश देशमुख की प्रेमिका ज़ारा का किरदार निभाया था। वह अगली बार बागी 4, निक्का जेलदार 4 और बॉर्डर 2 जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। दूसरी ओर, सनम तेरी कसम में अपनी भूमिका से प्रसिद्ध हुए हर्षवर्धन राणे, सादिया खातीब अभिनीत अगली फिल्म सिला में नजर आएंगे।

## वॉर 2 ने पार किया 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा, 8वें दिन हुई इतनी कमाई

ऋतिक रोशन, कियारा आडवाणी और जूनियर एनटीआर जैसे बड़े सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म वॉर 2 स्वतंत्रता दिवस के मौके पर यानी 14 अगस्त को दर्शकों के बीच आई थी। इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 8 दिन पूरे हो गए हैं और इसने घेरलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अब वॉर 2 की कमाई के आठवें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, वॉर 2 ने अपनी रिलीज के आठवें दिन यानी पहले गुरुवार को 5 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 204.25 करोड़ रुपये हो गया है। वॉर 2 ने दुनियाभर में 306 करोड़ रुपये कमाए लिए हैं। इस फिल्म को बनाने में 400 करोड़ रुपये लगे हैं।

# याददाश्त बढ़ाने में मदद कर सकती हैं ये 5 जड़ी-बूटियां, जानिए इनके फायदे



याददाश्त को बढ़ाने के लिए कई उपाय मौजूद हैं, लेकिन प्राकृतिक उपाय सबसे सुरक्षित और असरदार होते हैं। कुछ जड़ी-बूटियां विशेष रूप से याददाश्त को मजबूत करने में मदद कर सकती हैं। इन जड़ी-बूटियों में गोटू कोला, लेमन बाम, जिनसेंग, गिंको बिलोबा और अश्वगंधा शामिल हैं। ये सभी जड़ी-बूटियां न केवल याददाश्त को बढ़ाने में मदद करती हैं, बल्कि मानसिक सेहत को भी सुधारती हैं। आइए इनके फायदे जानते हैं।

गोटू कोला

गोटू कोला एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो दिमाग के कामकाज को सुधारने में मदद कर सकती है। यह जड़ी-बूटी विशेष तत्वों से भरपूर होती है, जो दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक तत्वों से लड़ती है। इसके अलावा यह खून के प्रवाह को बेहतर बनाकर दिमाग तक ऑक्सीजन पहुंचाती है, जिससे याददाश्त बढ़ती है। गोटू कोला का सेवन करने से मानसिक थकान भी दूर होती है और दिमाग की कार्यक्षमता में सुधार होता है।

लेमन बाम

लेमन बाम एक सुगंधित जड़ी-बूटी है, जिसका उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में लंबे समय से किया जा रहा है। यह जड़ी-बूटी तनाव और चिंता को कम करने में मदद करती है, जिससे दिमाग को आराम मिलता है और याददाश्त बेहतर होती है। लेमन बाम का सेवन करने से नींद भी अच्छी आती है, जिससे मानसिक थकान दूर होती है और याददाश्त मजबूत होती है। इसके अलावा यह जड़ी-बूटी पाचन क्रिया को भी सुधारती है।

जिनसेंग

जिनसेंग को ऊर्जा का स्रोत माना जाता है। यह तनाव को कम करने और मानसिक स्पष्टता बढ़ाने में सहायक होता है। जिनसेंग का नियमित सेवन करने से थकान दूर होती है और मानसिक थकान कम होती है। जिनसेंग रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है और शरीर को बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है। यह जड़ी-बूटी तंत्रिका तंत्र को भी मजबूत बनाती है, जिससे याददाश्त बेहतर होती है और दिमाग की कार्यक्षमता में सुधार होता है।

गिंको बिलोबा

गिंको बिलोबा एक प्राचीन चीनी औषधि है, जिसका उपयोग याददाश्त सुधारने के लिए किया जाता है। इसमें विशेष तत्व होते हैं, जो दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक तत्वों से लड़ते हैं। गिंको बिलोबा खून के प्रवाह को बेहतर बनाता है, जिससे दिमाग तक ऑक्सीजन पहुंचती है, जिससे याददाश्त बढ़ती है। इसके अलावा यह मानसिक स्पष्टता बढ़ाता है और तनाव को कम करता है। गिंको बिलोबा का नियमित सेवन करने से मानसिक थकान भी दूर होती है।

अश्वगंधा

अश्वगंधा एक प्रसिद्ध आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जो तनाव को कम करके मानसिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। यह विशेष तत्वों से भरपूर होती है, जो दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक तत्वों से लड़ती है। अश्वगंधा का नियमित सेवन करने से तंत्रिका तंत्र मजबूत होता है, जिससे याददाश्त बेहतर होती है और मानसिक थकान कम होती है। इसके अलावा यह शारीरिक ऊर्जा भी बढ़ाती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है।

## अपनी लक्जरी ब्रांड वाली सैंडल की ऐसे करें देखभाल, लंबे समय तक रहेंगी नए जैसी

महिलाओं को महंगे और लक्जरी ब्रांड वाली सैंडल खरीदने का शौक होता है। ये सैंडल डिजाइनर होती हैं, जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाले सामान का इस्तेमाल करके तैयार किया जाता है। इनकी कीमत लाखों में होती है, जिस कारण इन्हें अच्छी तरह से रखना और इनकी सही देखभाल करना जरूरी हो जाता है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको लक्जरी ब्रांड वाली सैंडल की देखभाल करने के तरीके बताएंगे, जिनकी मदद से वे नए जैसी बनी रहेंगी।



अच्छी तरह साफ करें

जाहिर सी बात है कि जब आप सैंडल पहनेंगी तो उनमें धूल-मिट्टी और गंदगी तो लगेगी ही। ऐसे में आपको उन्हें रखने से पहले अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिए। नियमित रूप से उन्हें साफ करने से वे लंबे समय तक चलेंगी और नई नजर आएंगी। इसके लिए एक साफ और मुलायम कॉटन के कपड़े से सैंडल को रगड़ें। आप कपड़े पर सैंडल और जूते साफ करने वाली क्रीम या अन्य पदार्थ भी लगा सकती हैं।

समय-समय पर ठीक करवाती रहें

कई बार ऐसा होता है की सैंडल का निचला हिस्सा या हील घिसने के कारण कमजोर हो जाती हैं। इससे उनके टूटने या खराब होने का खतरा रहता है। यह ज्यादातर उन सैंडल के साथ होता है, जिन्हें ज्यादा पहना जाता है। अगर आपको ऐसा लगे कि आपकी सैंडल खराब हो रही हैं तो तुरंत पेशेवर के पास जा कर उन्हें ठीक करवा लें। इससे उनका जीवन बढ़ जाएगा, यानि कि वे लंबे समय तक इस्तेमाल करने लायक रहेंगी।

ठीक तरह से रखें

सैंडल को नए जैसा बनाए रखने के लिए उन्हें सही तरह से स्टोर करना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप किसी भी स्थान पर अपनी लक्जरी सैंडल को बिना सोचे समझे रख देती हैं तो वे जल्दी खराब हो जाएंगी। उन्हें किसी अलमारी में व्यवस्थित तरीके से रखें, जो अच्छी तरह साफ की गई हो। ध्यान रखें कि अलमारी में ज्यादा नमी न हो और समय-समय पर उसे खोल भी दें, ताकि हवा उसमें प्रवेश करती रहे।

बदल-बदलकर पहनें

लक्जरी सैंडल अन्य सैंडल की तुलना में ज्यादा महंगी होती हैं। ऐसे में आपको उन्हें रोजाना नहीं पहनना चाहिए। इससे उनके टूटने या खराब होने का खतरा रहता है। उन्हें केवल खास मौकों और पार्टी आदि में ही पहनें और अन्य दिनों के लिए सस्ती और टिकाऊ सैंडल चुनें। अगर आपके पास कई लक्जरी सैंडल हैं तो उन्हें बदल-बदलकर पहनें, ताकि कोई एक सैंडल ही ज्यादा इस्तेमाल न हो। इससे उन्हें अच्छी गुणवत्ता में रखना संभव हो सकेगा।

शू ट्री का इस्तेमाल करें

शू ट्री एक उपकरण होता है, जो आमतौर पर लकड़ी से बना होता है। इसे जूते या सैंडल के अंदर रखा जाता है, ताकि उनका आकार बना रहे। आप अपनी लक्जरी सैंडल के अंदर अच्छी गुणवत्ता वाली शू ट्री लगा सकती हैं। इससे जब आप उन्हें पहन नहीं रही होंगी तब भी उनका आकार नहीं बदलेगा। यह उपकरण नमी सोखने के लिए डिजाइन किया जाता है, जिससे सैंडल लंबे समय तक चलती हैं।

## चिरंजीवी की अगली फिल्म के शीर्षक मन शंकर वरप्रसाद गरु का ऐलान



साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी के जन्मदिन पर फिल्म निर्माताओं ने अभिनेता के फैंस को शानदार तोहफा देते हुए उनकी 157वीं फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। इस फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुडी कर रहे हैं। अभिनेता चिरंजीवी की 157वीं फिल्म के शीर्षक इंतजार दर्शकों को बड़ी बेसब्री से था। अब मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर इसका टाइटल रिवील कर दिया है। इसका नाम है मन शंकर वरप्रसाद गरु, जिसका निर्देशन अनिल रविपुडी द्वारा किया जा रहा है। अभिनेता चिरंजीवी की आगामी फिल्म के टाइटल अनाउंसमेंट का वीडियो भी जारी हुआ है, जो 59 सेकेंड का है। इसमें अभिनेता बॉसी लुक में शानदार एंट्री करते दिख रहे हैं और उनके चारों तरफ बॉडीगार्ड चल रहे हैं। इसके अलावा अंत वीडियो के अंत में चिरंजीवी कोहरे से भरे माहौल में घोड़े के साथ चलते हुए दिखाई देते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -148

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 147 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |



## परफेक्ट होना जरूरी नहीं, गलतियां भी ठीक हैं: अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे का मानना है कि लगातार लोगों की नजरों में रहना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, लेकिन अपने चाहने वालों और लगातार काम पर ध्यान केंद्रित करने से वे संतुलन बनाए रखती हैं। अनन्या ने यह भी कहा कि उनका आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है और यह जानने से कि परफेक्ट होना जरूरी नहीं है—कभी-कभी गलतियां भी ठीक होती हैं।

अनन्या से पूछा कि वह लगातार लोगों की नजरों के बीच अपने आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को कैसे बनाए रखती हैं, तो उन्होंने इस सवाल का जवाब दिया, यह हमेशा आसान नहीं होता। कुछ दिन ऐसे भी होते हैं जब बातें आपको बहुत परेशान करने लगती हैं।

समय के साथ उन्होंने यह सीख लिया है कि जिंदगी में सच्चे रिश्तों और पसंद के काम को अहमियत देना जरूरी है।

अनन्या ने बताया, मैं जमीन से जुड़ी रहने की कोशिश करती हूं और खुद को याद दिलाती हूं कि परफेक्ट न होना भी ठीक है। आत्मविश्वास तब आता है जब आप अपने अच्छे और बुरे दोनों में खुद को स्वीकार करते हैं। जैसा कि कहा जाता है, कोई भी परफेक्ट नहीं होता!

अनन्या ने हाल ही में एयरबीएनबी के लिए एक खास अनुभव की मेजबानी की, जिसमें उनकी ए-टीम ने हिस्सा लिया।

इस अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सबसे खास अनुभवों में से एक है, लेकिन मेरे लिए इसमें सबसे खास बात यह है कि यहां पर मेहमानों के अंदर आत्मविश्वास में बदलाव देखना। यह उनके लुक को बदलने के बारे में नहीं है, बल्कि उनके असल रूप को सेलिब्रेट करने के बारे में है। ग्लैम सेशन के बाद, सभी के साथ समय बिताना, हंसी-मजाक, और मजेदार सेल्फी लेना इसे और भी यादगार बनाता है।

अनन्या की आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी में कार्तिक आर्यन, जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता और अन्य कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। कार्तिक और अनन्या इससे पहले 2019 में पति, पत्नी और वो में साथ नजर आ चुके हैं।

करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्व मेहता, शरीन मंट्री केडिया और किशोर अरोड़ा द्वारा निर्मित यह फिल्म अगले साल 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने की संभावना है।

## नेहा मलिक के ग्लैमरस लुक्स ने फैंस को किया दीवाना, समुद्र किनारे फ्लॉन्ट किया बोल्ड अंदाज



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नेहा मलिक की हाल ही में सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरें धमाल मचा रही हैं. नेहा को सोशल मीडिया क्वीन कहना गलत नहीं होगा. अभिनेत्री हर दिन अपने फैंस को अपनी खूबसूरत और बोल्ड फोटोज से हैरान कर देती हैं. हाल ही में नेहा मलिक अपनी फोटोज को लेकर फिर से चर्चा में हैं. अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर समुद्र किनारे ली गई फोटोज शेयर की हैं, जिनमें उन्होंने डेसिंग और ग्लैमरस अंदाज में पोज दिए हैं. फोटोज में नेहा ऑरेंज और ग्रे शेड के पेंटसूट में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. उन्होंने इस आउटफिट को डीपनेक ब्रालेट के साथ कंप्लीट किया है. नेहा ने अपने बॉस लेडी लुक को खुले स्ट्रेट बालों, ग्लॉसी मेकअप और स्टाइलिश चश्मे के साथ खास बना दिया. इन फोटोज में नेहा का कॉन्फिडेंस और बोल्डनेस उनके फैंस को दीवाना बना रहा है. नेहा मलिक इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने बोल्ड अंदाज का जलवा दिखा रही हैं और अपनी शानदार फैशन सेंस से सभी का ध्यान आकर्षित कर रही हैं. उनके इस नए अवतार ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी, जहां फैंस उनकी तस्वीरों को जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं. भोजपुरी सिनेमा की यह लोकप्रिय अभिनेत्री पहले भी कई सुपरहिट गानों और प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं. उनका स्टाइल और एक्टिंग दोनों ही प्रशंसकों के बीच काफी चर्चित हैं.



## डीआईजी व एसएसपी ने साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 को संयुक्त जिला कार्यालय से थाना विश्रामपुर व भटगांव व इन दोनों क्षेत्र में स्थित बैंकों के संयुक्त साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और जिला स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान की शुरुआत की और लोगों से अपील किया वे अपने बैंक खाते की गोपनीय जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी किसी से साझा न करें और अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने कहा कि साइबर ठग आए दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। ज़रा सी लापरवाही मेहनत की कमाई पर भारी पड़ सकती है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और साइबर अपराध से स्वयं को सुरक्षित रखें। इस अवसर पर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी से लोग साइबर धोखाधड़ी से बच सकते हैं। तकनीक ने हमारे दैनिक जीवन में कार्यो को सरल और सहज बनाया है।


# छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा स्वदेशी जनजागरण अभियान आयोजित




**कोरिया बैकुंठपुर।** स्वदेशी जागरण मंच कोरिया और छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में बैकुंठपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। घड़ी चौक में आयोजित इस सभा में वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार रखे गए।

अमेज़न फ्लिपकार्ट जैसे ऑनलाइन कंपनियों के बहिष्कार करते हुए डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाया गया। इसके बाद सभी सदस्यों द्वारा स्वदेशी जनजागरण अभियान को लेकर पंपलेट मुख्य बाज़ार में ग्राहकों और व्यापारियों को वितरित किया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के विषय में चेंबर के जिलाअध्यक्ष और स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक शारदा प्रसाद गुप्ता ने बताया कि,देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु स्वदेशी वस्तुओं को जन-जन तक पहुंचने का अभियान चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शुरू कर दिया है । आज हजारो की संख्या में विदेशी कंपनियां भारत में व्यापार कर रही हैं,और भारत के लोकल प्रोडक्ट गुणवत्ता पूर्ण होने के बाद भी लोगों की हीन मानसिकता के कारण पिछड़ते जा रहे हैं । चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता और प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि लोगों में स्थानीय उत्पादों के प्रति स्वाभिमान जगाने के लिए जन जागरण अभियान चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा शुरू किया जा रहा है और सभी व्यापारी भाई मिलकर इस अभियान को शुरू कर रहे हैं। इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यापारी अपने ग्राहकों को स्वदेशी के बारे में समझाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विहिप के प्रांत पदाधिकारी अमित श्रीवास्तव, कोरिया चेंबर के संरक्षक प्रहलाद जायसवाल, नसीम असदक, उपाध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री हिमांशु अवस्थी , आस्तिक शुक्ला, कोषाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंत्री बाबा पांडे ,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े , समन्वय समिति प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, रमेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजीव गुप्ता , दीपेश गुप्ता , राजीव चौदहा, राहुल अग्रवाल, जिलामंत्री महेंद्र वैद्य, सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी बंधु उपस्थित थे।

## पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता से कालरी क्षेत्र में चोरी की बढ़ती वारदात



**कोरिया पांडवपारा।** एसईसीएल पांडवपारा कॉलोनी में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। कॉलोनी के बी टाइप क्वार्टर नंबर 19 में रहने वाले रवि रंजन के घर चोरों ने 20 अगस्त की रात को धावा बोलते हुए लाखों रुपए के जेवरात, नकद राशि और बाइक पार कर दी। पीड़ित रवि रंजन 20 अगस्त की शाम को किसी कार्यवश बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल गए हुए थे। जब वे 21 अगस्त की शाम को वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके घर का दरवाजा टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से सोने की चेन मंगलसूत्र कान की बाली, 60 हजार रुपए नकद और होंडा स्क्र125 डइीलक्स बाइक ले उड़े। पीड़ित ने तुरंत घटना की सूचना स्थानीय पुलिस और एसईसीएल प्रबंधन को दी। पुलिस की टीम साथ में कॉल ड्रम की टीम और डॉग स्पॉट की टीम पहुंची और जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कॉलोनी में इस तरह की चोरी की घटना से स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है। लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं। पांडवपारा में दो वर्ष में लगभग दर्जनों घर से चोरी हुई है लेकिन आज तक एक भी चोर नहीं पकड़े गए है आखिर में पुलिस चोरों तक पहुंचने में नाकाम कैसे होती है।

## पुलिस ने नशे के विरूद्ध जागरूकता के लिए कराया फुटबाल मैच, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान नवजीवन के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन करा रही है। इसी क्रम में खेल से युवाओं को जोड़ते हुए फुलबाल मैच का आयोजन शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 को चौकी तारा पुलिस के द्वारा ग्राम शिवनगर स्कूल ग्राउण्ड में कराया। नशे से बचाव के लिए नवजीवन अभियान के बैनर तले चौकी तारा पुलिस द्वारा आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत शिवनगर एवं दिव्यदीप मिशन स्कूल के छात्रों के बीच फाईनल मुकाबला खेला गया जिसमें शिवनगर की टीम विजेता रही। एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी व चौकी प्रभारी तारा संजय गोस्वामी के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदाय कर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर एसडीओपी प्रेमनगर ने कहा कि पुलिस नशे से बचाव के लिए युवाओं और नागरिकों को खेल गतिविधियों से जोड़ने पर ज़ोर दे रही है, क्योंकि खेल युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में केंद्रित करने में मदद करती है और नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश देती है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल नशे को रोकना है बल्कि समाज में नई चेतना जागृत करना भी है। सूरजपुर पुलिस के नवजीवन अभियान के बैनर तले आयोजित फुटबाल मैच में भाग लेने वाले युवा व ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कई खिलाड़ियों ने कहा कि पुलिस का यह आयोजन हमें नशे बचाव और जागरूकता को बढ़ावा देता है और पुलिस से जुड़ने का अवसर देता है। इस दौरान ग्राम शिवनगर के सरपंच सज्जन सिंह, तारा सरपंच चन्द्रभान सिंह, कांटारोली सरपंच हरिप्रसाद, अदानी के एचआर हेड राम द्विवेदी, उपसरपंच और ग्रामीणजन व बच्चे मौजूद रहे।





## सूरजपुर पुलिस ने नशे में गाड़ी चलाने वालों पर की सख्त कार्रवाई

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। दिनांक 01 अगस्त से 22 अगस्त 2025 के बीच विभिन्न थाना-चौकी व यातायात की टीमों ने जगह-जगह चेकिंग प्वाईंट लगाकर करीब 20 हजार से अधिक वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले 200 चालकों को पकड़ा गया और उनका डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर माननीय न्यायालय में 190 इस्तगाशा पेश किया जहां से 190 लोगों के विरूद्ध 19 लाख रूपये का चालान हुआ है, शेष का इस्तगाशा जल्द पेश किया जायेगा। पुलिस इन चालकों के ड्राईविंग लायसेंस निलंबन के लिए प्रतिवेदन आरटीओ को भेजा है। इसके अलावा इस अवधि में यातायात नियमों के उल्लघंन करने वाले 3009 चालकों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्यवाही कर 10 लाख 71 हजार 200 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए की गई। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। पुलिस लगातार सुगम सफर अभियान के तहत यातायात के नियमों के पालन के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस का मकसद सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को रोकना है। यातायात नियमों का उल्लघंन और शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## मिनी गोवा में बह गया छात्र, 21 घंटे बाद मिला शव

**जगदलपुर।** चित्रकोट के पास मिनी गोवा में गुरुवार को स्नान के दौरान नदी में बहे युवक का शव 21 घंटे की मशक्कत के बाद आज बरामद किया गया है। लोहंडीगुड़ा पुलिस ने बताया कि धरमपुरा निवासी अभय नारायण सिंह (21 वर्ष) अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था। स्नान के दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से वह नदी में बह गया।

## डेढ़ लाख की अंग्रेजी शराब समेत 7 तस्कर गिरफ्तार

**जगदलपुर।** करपावंड थाना पुलिस ने आज दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर शराब की तस्करी में लिप्त 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1.40 लाख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब जब्त की है। थाना प्रभारी हरिशचंद्र निषाद ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए औरंगाबाद निवासी मुन्ना सिंह और नवरंगपुर निवासी भूजो भतरा से 148 लीटर ओडिशा निर्मित अंग्रेजी शराब, जिसकी कीमत 38,760 रुपए है, जब्त की गई। इसी तरह दूसरे मामले में करपावंड क्षेत्र के दुर्योधन कश्यप, पितम नेताम, सोनूराम नेताम, नामेराम कश्यप और देवेंद्र कोर्राम को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 349.820 लीटर अंग्रेजी शराब, कीमत 1,01,320 रुपए, ग्राम जैबेल-2 कडाकाटा जंगल में परिवहन और डंपिंग के दौरान पकड़ी गई है।



## आत्मानंद स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत वर्ष के उपलक्ष्य में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 22अगस्त को आत्मानंद स्कूल कटगोड़ी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.जिसमें बड़े उत्साह से भाग लेते हुए करिश्मा व अंजना कक्षा 9 वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सोनवर्षा-लक्ष्मीकला कक्षा 12वीं द्वितीय,प्रिया-अनुराधना कक्षा 11वीं को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ.प्रतिभागियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित भी किया गया.कार्यक्रम में जिला महिला सशक्तिकरण हब से अनुराधा तिवारी,जिला बाल संरक्षण इकाई से ऑउट रिच वर्कर्स चैन सिंह एवं सुशील कुमार पैकरा ,स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हीरो देवी,राधेश्याम कुर्रे,रजंती राजवाड़े,गायत्री साहू के अलावा विद्यालय के प्राचार्य बीरेन्द्र बहादुर तिवारी,व्याख्याता ईश्वर दयाल राजवाड़े, उमेश पटेल,अंजेलुस टोप्पो,स्वाति त्रिपाठी, अंजू सिंह ठाकुर, कुसुम पैकरा, अंबे साहू,अरुणा दीक्षित, सूरज यादव एवं छात्रगण उपस्थित थे।

# विधायक के निर्देश पर प्रतिनिधि ने जरूरतमंदो को बांटे चेक



**एमसीबी।** जिले के भरतपुर सोनहत विधानसभा के गांव केल्हारी में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने स्वेच्छानुदान राशि के जरूरतमंदो को चेक बांटे गए। आपको बता दें गरीब या जरूरतमंदों को आकस्मिक आर्थिक मदद के लिए मंत्री-विधायकों को स्वेच्छानुदान जारी करने का अधिकार दिया गया है। इसका इस्तेमाल जरूरतमंदों के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न क्लबों व मंडलियों को उनके नाम से निधि जारी करने का अधिकार दिया गया है। भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वेच्छानुदान मद से अठ्ठाईस लाख पचासी हजार रुपए के चेक अनुदानग्रहिताओं को बांटे जा रहे हैं। जिससे जरूरतमंद परिवारों को एक संबल मिल रहा है। विधायक रेणुका सिंह ने फेसबुक पोस्ट कर किया जिसमें उन्होंने लिखा आज केल्हारी में जरूरतमंद परिवारों को स्वेच्छानुदान की राशि के चेक वितरित किए। यह सहयोग प्रभावित परिवारों को आर्थिक रूप से संबल और नई ऊर्जा प्रदान करेगा। जरूरतमंद परिवारों को चेक मिलने से उन्हें खुशी हुई। और उन्होंने क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह का आभार जताया।

# प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने में अरुण कुमार का सराहनीय योगदान

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले की मिट्टी ने हमेशा समाज को ऐसे रत्न दिए हैं जिन्होंने अपने अथक प्रयासों और समर्पण से न केवल जिले का, बल्कि प्रदेश और देश का भी नाम रोशन किया है। इन्हीं में से एक नाम है अरुण कुमार शुक्ला का, जिन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आयुर्वेदिक वनस्पतियों को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया और उसे पूरी निष्ठा के साथ पूरा भी कर रहे हैं। छोटे से गाँव से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाने वाले अरुण शुक्ला आज चिकित्सा और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुके हैं।

अरुण कुमार शुक्ला का जन्म कोरिया जिले के एक छोटे से गाँव में हुआ। बचपन से ही उनका रुझान प्रकृति, पेड़-पौधों और योगाभ्यास की ओर था। जहाँ अधिकतर युवा पारंपरिक शिक्षा पाकर नौकरी की ओर बढ़ते हैं, वहीं अरुण ने समाज की सेवा और आयुर्वेदिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार को अपना जीवन लक्ष्य बनाया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने इस दिशा में अध्ययन और अभ्यास किया तथा गाँव-गाँव जाकर लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा और योग के लाभ बताए। आज के आधुनिक समय में जहाँ लोग एलोपैथिक दवाइयों और त्वरित इलाज की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं, वहीं अरुण शुक्ला ने योग और आयुर्वेद को अपनाकर उसकी महत्ता को समझाया। उन्होंने योग रथ की शुरुआत की, जिसके माध्यम से वे सुदूर वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान कर रहे हैं। यह रथ केवल प्रचार-प्रसार का साधन नहीं बल्कि ग्रामीणों के लिए चलित चिकित्सा केंद्र की तरह कार्य करता है। वनांचल क्षेत्र के लोग अक्सर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहते हैं। अस्पतालों की दूरी, चिकित्सकों की कमी और आधुनिक संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीण जनमानस छोटी-छोटी बीमारियों से भी जूझते रहते हैं। ऐसे में अरुण का यह प्रयास लोगों के लिए वरदान साबित हुआ। वे न केवल योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की जानकारी देते हैं बल्कि जड़ी-बूटियों से बने सरल घरेलू उपचार भी बताते हैं, जिन्हें लोग आसानी से अपनाकर लाभान्वित हो सकते हैं। अरुण कुमार शुक्ला का मानना है कि प्रकृति ने हमें हर बीमारी का इलाज दिया है, बस जरूरत है उन परंपराओं और ज्ञान को पुनः अपनाने की। आज की पीढ़ी जहाँ रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभावों से परेशान है, वहीं आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा न केवल शरीर को रोगमुक्त करता है बल्कि मन और आत्मा को भी स्वस्थ रखता है। उन्होंने लोगों को गिलोय, अश्वगंधा, तुलसी, आंवला, नीम, अदरक, हल्दी जैसी आयुर्वेदिक औषधियों के गुण बताए और यह समझाया कि कैसे इन साधारण सी लगने वाली वनस्पतियों से गंभीर रोगों का भी इलाज संभव है। अरुण शुक्ला इस बात पर जोर देते हैं कि अगर लोग रोजमर्रा की जिंदगी में योग और आयुर्वेद को अपनाएँ तो अस्पतालों की कतारें काफी हद तक कम हो सकती हैं। अरुण कुमार शुक्ला का कार्य केवल कोरिया जिले तक सीमित नहीं है। उनके अथक प्रयासों ने उन्हें प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाई है। कई राष्ट्रीय योग शिविरों और आयुर्वेद सम्मेलनों में उन्होंने भाग लेकर लोगों को प्रेरित किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए विचारों को सराहा गया और उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।



राष्ट्रीय स्तर पर उनकी पहचान बनना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह कोरिया जिले के लिए भी गौरव का विषय है। उनके कार्यों ने यह साबित किया है कि यदि संकल्प मजबूत हो और निष्ठा अडिग हो, तो एक साधारण इंसान भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है। अरुण के प्रयासों का असर अब समाज में साफ दिखाई देने लगा है। गाँवों और कस्बों में लोग योगाभ्यास की ओर आकर्षित हो रहे हैं। महिलाएँ, बच्चे और बुजुर्ग सभी सुबह-शाम योगाभ्यास कर रहे हैं। कई लोग जिन्होंने वर्षों तक दवाइयाँ खाईं, उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर स्वास्थ्य लाभ पाया है। विशेषकर महामारी के दौरान जब लोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय खोज रहे थे, उस समय अरुण शुक्ला ने आयुर्वेदिक काढ़ा, गिलोय और तुलसी जैसी जड़ी-बूटियों का महत्व बताकर लोगों को सुरक्षित रहने का सरल उपाय प्रदान किया। हालाँकि अरुण कुमार शुक्ला अपने स्तर पर निरंतर कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनका मानना है कि यदि सरकार और समाज मिलकर इस दिशा में सहयोग करें तो परिणाम और भी व्यापक होंगे। प्राकृतिक चिकित्सा केंद्रों की स्थापना, योग शिविरों का आयोजन और औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देकर न केवल स्वास्थ्य लाभ मिलेगा बल्कि रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। आज के समय में जब लोग तनाव, प्रदूषण और अस्वस्थ जीवनशैली के कारण तरह-तरह की बीमारियों से जूझ रहे हैं, तब अरुण कुमार शुक्ला जैसे लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनका जीवन संदेश देता है कि स्वास्थ्य का सच्चा मार्ग प्रकृति और योग में छिपा है। कोरिया जिले का यह सपूत अपनी मेहनत और समर्पण से न केवल लोगों को स्वस्थ जीवन की ओर ले जा रहा है, बल्कि यह भी साबित कर रहा है कि सच्ची सेवा वही है जो समाज के हर वर्ग तक पहुँचे। उनका यह योगदान चिकित्सा जगत में अतुलनीय है और आने वाली पीढ़ियाँ उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद करेंगी। अखिल भारतीय प्राकृतिक शिक्षा परिषद राजघाट नई दिल्ली, अंतर्राष्ट्रीय नेचुरोपैथी चिकित्सा ऑर्गेनाइजेशन व आयुष मंत्रालय दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान से योग प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक वनस्पतियों को घर-घर पहुंचने में इनका सराहनीय योगदान रहा है।

## युवा मोर्चा कार्यकर्ता कल जाएंगे रायपुर

**कोरबा।** युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर राहुल योगराज के नियुक्ति होने के बाद कार्यकर्ताओं में सक्रियत बढ़ गई है। कल रायपुर में राहुल योगराज पदभार ग्रहण करेंगे। इस दौरान कोरबा जिले के कार्यकर्ता वहां पहुंचकर उनका फूल-मालाओं से स्वागत करेंगे। कोरबा जिले में अलग-अलग क्षेत्रों से कार्यकर्ता रायपुर जाने की तैयारी कर रहे हैं। बालको क्षेत्र से प्रीति स्वर्णकार, कटघोरा से जय गर्ग, किशन केशरवानी, अनुराग दुहलानी, पाली से मुकेश कौशिक, कोरबा क्षेत्र से सुभाष राठौर, बद्री अग्रवाल, भूपेंद्र साहू, दिनेश तिवारी, धनंजय चौहान, प्रकाश यादव, विकास सचदेवा, संजय मानिकपुरी सहित अन्य कार्यकर्ता रायपुर पहुंचकर राहुल योगराज का स्वागत करेंगे।

## संडे ड्यूटी के लिए आया बजट

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व केंद्रीय कर्मशाला में कामगारों को महीने में दो संडे ड्यूटी दिया जा रहा था। तीन महीने से यह संडे ड्यूटी बंद है। इसके लिए यूनियन प्रतिनिधि लगातार दबाव बना रहे थे। अब संडे ड्यूटी के लिए बजट आ गया है। केंद्रीय कर्मशाला के कामगार चाहते हैं कि उन्हें तीन संडे ड्यूटी मिले। बजट को लेकर कल यूनियन प्रतिनिधि दिलीप सिंह, राजेश पांडेय, राजेंद्र यादव, संतोष टंडन, भागवत साहू प्रबंधन के साथ वार्ता करेंगे। गेवरा केंद्रीय कर्मशाला में भी दो संडे ड्यूटी मिलता है लेकिन यहां के कामगार चाहते हैं कि जिस महीने तीन संडे पड़ता है उन तीनों संडे को ड्यूटी दिया जाए। इसके लिए यहां के यूनियन प्रतिनिधि विकास शुक्ला, एलपी चंद्रा, अमृत साहू, मुकुल कर्ष, हमराज राव, राकेश बेंजामिन प्रबंधन से मुलाकात करेंगे।

## सुरेश सिंह का निधन



**कोरबा।** बजरंग टाकीज कोरबा के सामने हवन पूजा सामग्री दुकान के संचालक सुरेश सिंह का बीती रात 60 वर्ष की उम्र में अकस्मात दु:खद निधन हो गया। व्यवहारकुशल और मिलनसार छबि के व्यवसायी श्री सिंह के निधन की खबर से व्यापारी वर्ग में शोक की लहर दौड़ गयी है। उनके शुभचिंतक और मित्रगण उनके निवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधा रहे और ईश्वर से श्री सिंह की आत्मा की शांति के लिए कामना कर रहे हैं। उनकी अंतिम यात्रा आज निवास स्थान, मेन रोड सीतामणी से निकल कर मोतीसागर पारा स्थित मुक्तिधाम जाएगी जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

**किराये से देना है**

मेन रोड कोरबा धर्म अस्पताल के ठीक सामने दो दुकानें अलग-अलग या एक साथ किराए से देना है।

-: संपर्क करें :-
8120594099
9770412199
डिलाइट क्लाथ सेंटर

# जलजमाव, गंदगी और अव्यवस्था के बीच चल रहा अहाता, टूटे नियम

### संचालक और आबकारी विभाग के अलग-अलग तर्क



**कोरबा।** कोयलांचल दीपका में आबकारी विभाग के नियंत्रण में संचालित शराब दुकान के परिसर में चल रही चखना दुकानों को लेकर नियम सरेआम टूट रहे हैं और यह सबकुछ सिस्टम की देखरेख में जारी है। शर्तों के अंतर्गत न तो व्यवस्था है और न सुविधाएं। इस मामले में संचालक की अपनी दलील है और अफसर के अपने तर्क। इस चक्कर में दूसरे स्थानों पर अव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है।

कोरबा जिले के दीपका में आबकारी विभाग को या तो बखूबी जानकारी है या फिर इसे अनदेखा कर चखना दुकान की अव्यवस्था को हासिए पर किया जा रहा है। खबर के अनुसार शराब दुकानों के परिसर में ही चखना दुकानों के संचालन के अधिकार दिए गए हैं। इन्हें अहाता और दूसरे नाम दिए गए हैं। यहां-वहां होने वाले कुप्रबंधन को समाप्त करने और शिकायतों को दूर करने के इरादे से इस तरह की व्यवस्था पर काम किया गया। बताया गया कि अकेले इस काम के लिए लाखों के टेंडर दिए गए और संबंधित संचालकों को व्यवस्था संबंधी अधिकारी दिए गए। इसके अंतर्गत परिसर का उपयोग करने वाले शराब प्रेमियों को उचित बैठक व्यवस्था दी जानी है। बेहतर हवा प्राप्त हो, इसके लिए मौके पर पंखे और कूलर का प्रबंध भी करना है। इस दौरान इस बात का ख्याल भी रखा जाना है कि पूरे परिसर में इस हवा का अपना प्रभाव हो और उपयोगकर्ता एक अच्छे वातावरण को महसूस कर सकें। इन सबके पीछे उद्देश्य यही है कि माहौल भी अच्छा हो और जिस बात के लिए यह सब किया जा रहा है, उसकी लागत का सदुपयोग हो। बताया गया कि दीपका के मामले में ये नियम कायदे केवल फाइलों का स्तर बनकर रह गए हैं। जमीनी स्तर पर ऐसा कुछ है नहीं। खबर के अनुसार संचालक की ओर से यथा स्थान पर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने में उदासीनता बरती गई है। उसका कहना है कि जिस तरह के प्रावधान मेरे मामले में हैं उसके हिसाब से यही हो सकता है, बाकी नहीं। रही बात ग्राहकों की, जिन्हें आना है उन्हें कोई नहीं रोक सकता। दुकान संचालक से पूछने पर जानकारी मिली कि उसे किराए के नाम पर अलग से मकान मालिक के द्वारा एक लाख की डिमांड की जाती है। यह राशि कहां से मैनेज होगी। उसे प्राइवेट रूम दे रखा है और उसी दुकान का 70 हजार रुपए एक्स्ट्रा किराया लिया जाता है। इसके ठीक उल्टे आबकारी निरीक्षक का कहना है कि चखना दुकान संचालक का तर्क है कि 100 मीटर की दूरी में दूसरी ऐसी सभी अवैध दुकानें बंद कर दोगे तभी मैं विभाग की शर्तों के अंतर्गत सुविधायुक्त कैंटीन (चखना दुकान) खोलूंगा। इस तरह की व्यवस्था में दीपका की चखना दुकान अधिकृत रूप से शराब दुकान परिसर में चल रही है। इस पूरे मामले को लेकर स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

## कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात जारी, अब सीपतपारा में ढहाया घर



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। डिविजन के पसान रेंज में जहां 10 हाथी जल्के पहुंच गए हैं वहीं केंदई रेंज के साल्हीपहाड़ में अभी भी 32 हाथी डटे हुए हैं। जल्के पहुंचे हाथियों ने रात में उत्पात मचाते हुए सीपतपारा पिपरिया में नागेंद्र सिंह, तिलकधारी नामक ग्रामीण के घर को निशाना बनाते हुए ढहा दिया। वहीं गांव में वन विभाग द्वारा फेंसिंग कराए गए खंभों को तोड़ने के साथ 6 किसानों की खेतों में प्रवेश कर धान फसल को चट कर दिया। प्रभावित किसानों को इसकी जानकारी आज सुबह तब लगी जब वे अपने खेतों में पहुंचे तो लहलहाती फसल के बजाय उसे रौंदा हुआ तथा पूरी तरह तहस-नहस पाया। इसकी तत्काल सूचना वन विभाग को दी गई जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचार मौके पर पहुंचकर हाथियों द्वारा रात में किए गए नुकसानी का आंकलन करने में जुट गए हैं। इस बीच 32 हाथी केंदई रेंज के साल्हीपहाड़ में लगातार डटे हुए हैं। हाथियों का दल दिन भर पहाड़ में विश्राम करता है और शाम होते ही पहाड़ से नीचे उतरकर जूनापारा व दर्रीपारा गांव के निकट पहुंचकर वहां ग्रामीणों द्वारा अपने खेतों में लगाए गए धान की फसल को चट करने तथा उसे रौंदने के बाद वापस पहाड़ में चढ़ जाते हैं। यह सिलसिला विगत 3-4 दिनों से जारी है जिससे ग्रामीण काफी हलाकान हैं। उनके द्वारा अपने फसल व जानमाल की सुरक्षा की गुहार वन विभाग तथा जिला प्रशासन से लगाई जा रही है लेकिन न तो वन विभाग ध्यान दे रहा है और न ही प्रशासन, जिससे परेशानी कायम है और ग्रामीण आर्थिक क्षति को झेलने मजबूर हैं।

## तस्करों की प्लानिंग पर ग्रहण, पकड़ाई एमपी निर्मित शराब, की जा रही पूछताछ



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में शराब नीति में परिवर्तन करने के कई बदलाव सामने आ रहे हैं और इसके साथ ही यहां वहां धरपकड़ का काम तेज हो गया है। कोरबी चौकी पुलिस ने सूचना प्राप्त होने पर एक मामले में मध्य प्रदेश में निर्मित शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। समाचार लिखे जाने तक शराब की मात्रा की गणना का काम जारी था।

कोरबा जिले के पसान थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरबी चौकी क्षेत्र में पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। खबर के अनुसार अपने गुप्तचर के जरिए पुलिस को सूचना मिली थी कि एक वाहन में शराब की तस्करी की जा रही है। इसके साथ पुलिस एक्शन मोड पर आई। उसने मुख्य मार्ग पर नजर रखी और संबंधित वाहन के आने की प्रतीक्षा की। गुर्जर के बाद उसे वाहन को रुकवा कर चेक किया गया , जिसके बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। मालूम चला कि जायजा लेने पर उसमें शराब की काफी मात्रा के होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में पता चला कि संबंधित ब्रांड पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में उत्पादित हुआ है। नियम विरुद्ध रूप से उसे छत्तीसगढ़ में कंज्यूम करने की कोशिश की जा रही थी। इसमें अलग-अलग ब्रांड की शराब के होने की बात सामने आई। इसके अनुसार संबंधित मात्रा की गणना शुरू कराई गई। इसके हिसाब से इसकी लागत का आकलन किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि सूक्ष्म स्तर पर होने वाले अनुसंधान में उन तथ्यों का पता चल सकेगा की मध्यप्रदेश के किस इलाके से शराब को वहां में लोड किया गया और उसे छत्तीसगढ़ में कहां पर अनलोड करने की तैयारी थी। खबर के अनुसार इस पूरे मामले में नेटवर्क को तलाश में का काम किया जा रहा है कि आखिर कौन-कौन लोग इसमें शामिल हैं और जो इस तरीके से अपनी गतिविधियों को बेख़ौफ़ ढंग से अंजाम देने में लगे हुए हैं।

याद रहे इससे पहले भी कई मौके पर कोरबा जिले में पुलिस की ओर से अवैध शराब ट्रांसपोर्टिंग के साथ-साथ इसे खपाने के मामले प्रकाश में आ चुके हैं। हालांकि समय रहते पुलिस ने अपने सूचना तंत्र का उपयोग करते हुए संबंधित तत्वों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यहां बताना आवश्यक होगा कि वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ में शराब नीति में परिवर्तन करने के साथ सभी ब्रांड की शराब और बीयर की दरों में बढ़ोतरी की गई है। इसके पीछे मकसद यह बताया जा रहा है कि शराब की तरफ से लोगों क्या आकर्षण को रिड्यूस किया जाना है। इसके ठीक उल्टे मध्य प्रदेश में शराब की कीमतों में कमी की गई है। माना जा रहा है कि नजदीक के दो प्रदेशों में नियमों में परिवर्तन करने को कोचिये अपने तरीके से समझ रहे हैं और वे मध्य प्रदेश से सस्ती से नाम लेकर उसे छत्तीसगढ़ में खपाने में ताकि कुछ अच्छा मारजिन अर्जित किया जा सके। इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सरकार का तंत्र चेकप्वाइंट पर विशेष मॉनिटरिंग करने में लगा हुआ है। गौर करना होगा कि ऐसे मामलों में नतीजा भी आशाजनक प्राप्त हो रहे हैं।

## पाइप को किया क्षतिग्रस्त

**कोरबा।** कुदमुरा रेंज से बीती रात धमके दंतैल हाथी ने करतला रेंज के कल्गामार गांव में उत्पात मचाते हुए जहां एक ग्रामीण के खेत में लगे बोर पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया, वहीं कई अन्य किसानों की फसल को भी रौंद दिया है।

## बिजली कर्मचारी संघ की बैठक दर्री में

**कोरबा।** बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा रैली निकालने की तैयारी की जा रही है। 29 अगस्त को रैली निकालते हुए कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा जाएगा। मुख्यमंत्री के नाम इस ज्ञापन में लंबित मांगों को उल्लेख किया जाएगा। दर्री में आयोजित इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव आरएस जायसवाल, नवरतन बरेठ, अजय मिश्रा, अमर राठौर, केदार राठौर, पूर्णिमा साहू, सुनीता जायसवाल, भीम चौहान, संदीप राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद विद्युत मंडल में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद मुख्यालय में धरना प्रदर्शन होगा।

## बैंक और स्कूल जाने के नाम पर निकली दो किशोरी लापता

**कोरबा-करतला।** अलग-अलग गांव से दो किशोरियाँ लापता हो गई हैं। बहला-फुसला कर किसी के द्वारा ले जाए जाने की आशंका पर अपहरण का अपराध दर्ज करते हुए पता तलाश तेज की गई है। जानकारी के मुताबिक करतला थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी किसान की 17 वर्ष 11 माह की पुत्री 21 अगस्त के सुबह करीब 9 बजे बैंक के काम से जा रही हूं कह कर घर से निकली, फिर घर नहीं लौटी। आसपास एवं रिस्तेदारों में पता करने पर कहीं पता नहीं चला। किसी अज्ञात व्यनक्ति के द्वारा नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर ले जाने की आशंका पर 22 अगस्त को थाना करतला में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसी तरह एक अन्य मामले में ग्राम बेहरचुआ चरखाडॉड़ निवासी किसान की बहन 15 वर्ष 18 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे के मध्य गांव के मेडिकल जा रही है, कह कर घर से निकली है जो वापस नहीं आई है। आसपास एवं रिस्तेदारी में पता तलाश के बाद 22 अगस्त को थाना करतला में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों मामले में पृथक-पृथक [illegible] की धारा 137(2) अपहरण का संदेह के अपराध में अज्ञात आरोपी के विरुध्द जुर्म दर्ज कर पतासाजी किया जा रहा है।

## बीकेकेएमएस कार्यकर्ता लगाएंगे चौपाल

**कोरबा।** एसईसीएल में भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर गेट मीटिंग कर रहे हैं। उनके द्वारा हाट बाजारों में चौपाल भी लगाया गया था। सिरकी, बुधवारी व हरदीबाजार में पुन: चौपाल लगाने की तैयारी कर रहे हैं। गेवरा क्षेत्र के रामनारायण साहू, रमेश गुरुद्वान, मदन सिंह, प्रीतम राठौर, बाबू सिंह, कुलदीप कुमार, वीरेंद्र राठौर के द्वारा कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है। हाट बाजारों में चौपाल लगाए जाने के बाद मुख्यालय में प्रदर्शन होगा।

## अंतिम रूप दिया जा रहा गणेश प्रतिमाओं को

**कोरबा।** देवताओं में प्रथम पूज्य भगवान गणेश का उत्सव भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्थी से प्रारंभ हो रहा है। कोरबा नगर और उपनगर क्षेत्र में विभिन्न विनाशक की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम शिल्पकार वर्ग कर रहा है। इस बार भी मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग सबसे ज्यादा है जबकि टेराकोटा की प्रतिमाएं भी बाजार में उतारी गई हैं। पर्यावरण मंत्रालय का डंडा चलने के कारण प्लास्टर ऑफ पेरिस की उपयोगिता इस मामले में नहीं के बराबर रह गई है।

कोरबा के स्थानीय शिल्पकारों के साथ-साथ दूसरे क्षेत्रों से आकर यहां कैंप करने वाला वर्ग भी मूर्ति निर्माण में लगा हुआ है। घर-घर में विघ्न विनाशक की पूजा अर्चना करने का चलन पिछले वर्षों में ज्यादा बड़ा है इसलिए छोटे आकार की प्रतिमाएं ज्यादा तैयार हो रही है। जबकि सार्वजनिक समितियां से प्राप्त ऑर्डर के अंतर्गत बड़ी प्रतिमाओं का निर्माण मूर्तिकारों की ओर से किया जा रहा है

## अनुशासन और गरिमा का पूरा ध्यान रखना होगा गणेशोत्सव समितियों को



**कोरबा।** आगामी गणेशोत्सव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में गणेशोत्सव समितियों की बैठक आयोजित की जा रही है। उसी तारतम्य में कटघोरा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर और एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में, कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने नगर एवं छुरी क्षेत्र की गणेशोत्सव समितियों की महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में विशेष रूप से कटघोरा की जयदेवा गणेशोत्सव समिति, जो नगर का सबसे बड़ा आयोजन करती है, शामिल रही। इसके अलावा नगर की अन्य समितियों और छुरी में सक्रिय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बैठक में सभी समिति सदस्यों से आयोजन की संपूर्ण जानकारी ली और पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। कहा गया कि पंडालों में नियम-पालन अनुशासन के साथ-साथ सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। आवश्यकता के अनुरूप सीसीटीवी कैमरे, निजी सुरक्षा एजेंसियों की सहायता ली जानी सुनिश्चित की जाए। इस बात को भी तय करें कि किसी भी पंडाल में अधिकृत रूप से ही बिजली का ही उपयोग हो। दूसरे विकल्पों के कारण पंडाल रोशन जरूर हो सकते हैं लेकिन असुरक्षा की आशंका को मजबूती मिलेगी ही है। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने पूजा समितियों के आयोजकों से आह्वान किया कि गरिमा और नियम का पूरा ख्याल रखा जाए। हमारे स्तर पर जो जरूरी होगा, सहयोग किया जाएगा।

## घर पहुंचकर बुजुर्गों का नि:शुल्क उपचार कर रहे एनकेएच के डॉक्टर



**कोरबा।** समाज के स्तंभ रहे बुजुर्गों की सेवा को प्राथमिकता देते हुए न्यू कोरबा हॉस्पिटल ने एक अनूठी पहल की है। अस्पताल ने 31 अगस्त तक घर-घर पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार सेवा शुरू की है। यह सुविधा विशेष रूप से उन बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो शारीरिक अक्षमता, बीमारियों या अकेलेपन के कारण अस्पताल नहीं पहुंच पाते।

अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, कोरबा शहर के 10 किलोमीटर के दायरे में यह सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 50 से अधिक बुजुर्गों का पंजीयन किया जा चुका है और डॉक्टरों व नर्सिंग टीम ने उनके घर पहुंचकर उपचार संबंधी सेवाएं दी हैं। अधिकांश मरीज 70 वर्ष से अधिक आयु के हैं, जो ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग और जोड़-दर्द जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। सेवा का लाभ लेने वाले बुजुर्गों और उनके परिजनों ने न्यू कोरबा हॉस्पिटल की इस पहल की दिल से सराहना की है। उनका कहना है कि इस प्रयास से न केवल उपचार आसान हुआ है, बल्कि बुजुर्गों के चेहरों पर आत्मीय संतोष और मुस्कान भी लौटी है।

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना सबकी जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ यह कदम उठाया गया है ताकि कोई भी वरिष्ठ नागरिक केवल साधन या दूरी के अभाव में इलाज से वंचित न रह जाए। शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद बुजुर्गों को इस सुविधा की जानकारी दें और उन्हें घर बैठे जांच व उपचार का लाभ दिलाएं।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com